तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 9 अक्टूबर, 2025



12 दुर्ग में अत्याधुनिक स्वीमिंग पुल का 50 फीसदी निर्माण पूरा, जल्द मिलेगी सुविधा







न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई
SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

# अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**




Advt.


## खबर संक्षेप

### 29 हितग्राहियों को मिला पीएम आवास



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी एवं अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा की उपस्थिति में 29 मकानहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना घटक के तहत लाटरी के माध्यम से मकान आबंटित किया गया। हितग्राहियों द्वारा पूर्व में मकान हेतु आवेदन योजना शाखा के काउंटर में जमा किया गया था। उनका दस्तावेज परीक्षण कर सक्षम स्वीकृति मिलने उपरांत हितग्राहियों से मकान का 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कराया गया हैं। ऐसे 29 हितग्राहियों को सभागार कक्ष में लाटरी निकालकर पर्ची सौंपा गया। समान्य वर्ग को 25 मकान एवं वरिष्ठ दिव्यांगजनों को 4 भूतल का मकान आबंटित किया गया है। लाटरी के दौरान आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, थलेश्वर जोशी, जी मोहन राव, जागेश्वर साहू उपस्थित रहे।

### 17 अक्टूबर को भिलाई निगम की सामान्य सभा

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम की सामान्य सभा 17 अक्टूबर को सुबह 11 बजे रखी गई है। निगम के सभागार में आयोजित सामान्य सभा में पूर्व में तय एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। इस बार की सामान्य सभा काफी हंगामेदार हो सकती है। विपक्षी पार्षदों ने कई मुद्दों पर बात रखने की तैयारी की हुई है।

लाखों की मशीन डंप, ट्विनसिटी के 1.25 लाख ईएसआई कार्डधारियों को हो रही परेशानी

# ईएसआई अस्पताल को सालभर से सोनोग्राफी की एनओसी नहीं दे रहा स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

100 बिस्तर के ईएसआई हॉस्पिटल में सोनोग्राफी नहीं हो पा रही है। इसलिए कि स्वास्थ्य विभाग इस हॉस्पिटल को सोनोग्राफी के लिए एनओसी नहीं दे रहा है। सालभर से स्वास्थ्य विभाग में आवेदन पड़े हैं। स्वास्थ्य विभाग इस हॉस्पिटल से एनओसी देने के लिए शुल्क मांग रहा है और ईएसआई प्रबंधन अपने हॉस्पिटल को सरकारी होने की वजह से निःशुल्क के दायरे में बता रहा। इस विवाद का खामियाजा ईएसआई कार्डधारियों को भुगतना पड़ रहा है। ईएसआई कार्डधारी सोनोग्राफी के लिए दूसरे प्राइवेट सेंटर में जाने मजबूर हैं।



### ट्विनसिटी में 1.25 लाख ईएसआई कार्डधारी

ट्विनसिटी में 1.25 लाख ईएसआई कार्डधारी हैं। इन कार्डधारियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए ईएसआई हॉस्पिटल भिलाई में एक साल पहले शुरू किया गया है। वर्तमान में यहां 30 बिस्तर की सुविधा शुरू की गई है। जहां रोजाना 100 मरीज आ रहे हैं। केंद्र व राज्य सरकार में सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी अनिवार्य कर दी है। इस हिसाब से पूरे 9 महीने में तीन से पांच मर्तबा सोनोग्राफी करना है।

### एनओसी नहीं देने से ऐसी दिक्कतें

**केस वन: 30 लाख की नई मशीन डंप**

ईएसआई हॉस्पिटल में सोनोग्राफी करने के लिए 30 लाख रुपए की मशीन मंगवाई गई है। यह मशीन इसलिए स्टॉल नहीं की जा रही है कि सोनोग्राफी करने के लिए एनओसी ही नहीं दी जा रही है। लाखों रुपए की मशीन जब लगेगी ही नहीं तो मरीजों को इस सुविधा का लाभ ही नहीं मिल पा रहा।

**केस दो: दूसरे सेंटर में फिट किए जा रहे हैं मरीज**

कार्डधारी मरीज ईएसआई हॉस्पिटल में आ रहे हैं लेकिन उन्हे दूसरे सेंटर में सोनोग्राफी करवाने भेजा जा रहा है। ईएसआई द्वारा भिलाई के निजी अनुबंधित हॉस्पिटल में मरीज रेफर किए जा रहे हैं। मरीज को वहां जाने के बाद सोनोग्राफी का बिल प्रस्तुत करना पड़ रहा है और इसकी प्रक्रिया में ही कई दिन लग रहे हैं।

**केस तीन: रेडियोलॉजिस्ट अनुबंधित नहीं**

सोनोग्राफी की एनओसी नहीं मिलने से ईएसआई प्रबंधन रेडियोलॉजिस्ट अनुबंधित नहीं कर पा रहा है। जिसकी वजह से अन्य बीमारी यानी पेट, आंतों सहित अन्य संबंधी रोगों की सोनोग्राफी भी नहीं हो पा रही है। शासन के नियमों के तहत ईएसआई प्रबंधन द्वारा रेडियोलॉजिस्ट अनुबंधित करना है लेकिन इसकी प्रक्रिया भी लगातार टालनी पड़ रही है।

### सालभर में एक भी डिलीवरी नहीं

नियमों के हिसाब से सभी सरकारी हॉस्पिटल में डिलीवरी होना अनिवार्य किया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सभी में गर्भवती महिलाओं की जांच और डिलीवरी होनी है। इस हिसाब से ईएसआई हॉस्पिटल में भी जब भर्ती की सुविधा शुरू की गई है तो डिलीवरी भी करना है लेकिन सालभर से एक भी गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी नहीं की जा सकी है। जिसकी एक वजह भी सोनोग्राफी सुविधा नहीं शुरू होना है।

### अटका रखा है एनओसी

पीएनडीटी एक्ट के तहत हमने ईएसआई हॉस्पिटल में सोनोग्राफी शुरू करने के लिए एप्लाई किया हुआ है। सालभर से एनओसी स्वास्थ्य विभाग ने नहीं दी है। कहते हैं कि शुल्क देना पड़ेगा। जब हमारा हॉस्पिटल सरकारी है तो यह नि:शुल्क के दायरे में आता है। इसलिए हम शुल्क नहीं दे सकते, यह भी हमने लिखकर दिया है। फिर भी वे अड़े हुए हैं। लाखों रुपए की मशीन स्टॉल नहीं करवा पा रहे।

डॉ. - **हसन,प्रबंधन** ईएसआई हॉस्पिटल

### फार्म गलत भरने से शुल्क शो

सोनोग्राफी एनओसी के लिए ईएसआई हॉस्पिटल ने ऑनलाइन फार्म भरा है। फार्म गलत भरने की वजह से शुल्क शो हो रहा है। हमने अपने विभाग के कंसलटेंट से रायपुर में बात की है। इसका समाधान भी जल्द कर लिया जाएगा। हमारा काम जो फार्म ऑनलाइन भरा गया है उसे वेरीफिकेशन करना है और पीएनडीटी समिति के समक्ष रखना है।

- **डॉ. श्रवण दनोरिया,** नोडल अधिकारी पीएनडीटी

# स्मृति गृह निर्माण संस्था को टेक ओवर करने के मामले का विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई की सबसे पॉश कालोनी "स्मृति गृह निर्माण संस्था" का भिलाई नगर निगम के द्वारा टेकओवर किए जाने के विरोध में वहां के अध्यक्ष राजीव चौबे ने सभी सदस्यों के साथ हल्ला बोल दिया है। चौबे ने आरोप लगाया है कि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन और वार्ड 2 के भाजपा पार्षद मुकेश अग्रवाल ने अपने बयान में कहा था कि उनके प्रयास के चलते निगम ने यह कार्रवाई की है। इससे नाराज होकर सभी सदस्य व सोसायटी की महिलाएं पार्षद के घर पहुंची और अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि सोसायटी का मामला न्यायालय में है और वहां से उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। राजीव चौबे ने बताया कि 7 अक्टूबर को शाम 6 बजे वंदे मातरम पार्क स्मृति नगर में बैठक बुलाई गई थी। बैठक में "स्मृति गृह निर्माण संस्था" के सभी सदस्यों को बुलाया गया था। बैठक में 1000 से अधिक सदस्य उपस्थित हुए थे। वहां उनसे कालोनी को टेकओवर किए जाने के मामले को लेकर चर्चा और रायशुमारी की गई। इसके बाद मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, सहकारिता मंत्री छग शासन और भारत के प्रधानमंत्री ने नाम एक ज्ञापन बनाया गया। इस ज्ञापन में सभी सदस्यों ने अपने हस्ताक्षर किए और निगम की कार्रवाई का विरोध किया है।

### ज्ञापन में चार बिंदुओं पर रखी बात

जो ज्ञापन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को भेजा गया है उसमें चार बिंढुओं पर बात रखी गई है। संस्था के अध्यक्ष राजीव चौबे ने बताया कि निगम ने कालोनी टेकओवर करते समय मुख्य रूप से चार बिंढुओं पर आरोप लगाए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि संस्था द्वारा नियत समय पर कालोनाइजर लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया गया। ईडब्ल्यूएस की भूमि का नगर निगम के पक्ष में पंजियन नहीं करवाया गया। संस्था द्वारा अनुमोदित अभिन्यास में से उल्लेखित भूखंडों के अतरिक्त भूखंडों को बेचा गया है। संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग के जांच प्रतिवेदन 7-3-2008 में भी अनेक अनियमितताओं के लिए संचालक मंडल और अध्यक्ष संयुक्त रूप से उत्तरदाई हैं। इन सभी आरोपों का उन्होंने पूरा जवाब ज्ञापन में लिखा है।

# दुर्ग-शहीद महाजन ऊधमपुर ट्रेन रहेगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

उत्तर रेलवे के जम्मूतवी क्षेत्र में विगत दिनों हुए भूस्खलन के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित हो रहा है। 14 अक्टूबर को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 12549 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस जालंधर केंट स्टेशन में समाप्त होगी तथा जालंधर केंट से शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर के मध्य रद्द रहेगी। ।9 व 16 अक्टूबर 2025 को शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12550 शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस जालंधर कैंट स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से जालंधर कैंट के मध्य रद्द रहेगी। 15 अक्टूबर से आगामी सूचना तक दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 20847 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस अंबाला कैंट स्टेशन में समाप्त होगी तथा अंबाला कैंट- शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर के मध्य रद्द रहेगी 17 अक्टूबर से आगामी सूचना तक शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20848 शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर दुर्ग एक्सप्रेस अंबाला कैंट स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से अंबाला कैंट के मध्य रद्द रहेगी।

▪ जम्मूतवी क्षेत्र में भूस्खलन की घटना

# पुलिस ने जब्त किया 10 हजार नशीली टेबलेट का जखीरा, 5 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के तहत नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 10 हजार से अधिक नशीली टेबलेट को जब्त किया है। जिन आरोपियों को पकड़ा गया है उनके तार उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि प्रतिबंधित नशीली दवाईयों की बिक्री के खिलाफ छेड़े गये अभियान के तहत दुर्ग कोतवाली पुलिस को अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवाईयां बिक्री करने वालों को पकड़ने में सफलता मिली है। उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि जिला अस्पताल दुर्ग स्थित मर्चुरी के पास तीन व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली दवाईयां (कैप्सूल) रखकर बिक्री के लिये ग्राहक तलाश कर रहे हैं। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर उन लोगों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम प्रेम सिंह, रवि कुमार शर्मा, उमेश कुमार कश्यप बताया। आरोपियों के पास से ट्रामाडोल कैप्सूल 160 पत्ता, प्रत्येक पत्ता में 24 नग कैप्सूल कुल 3840 नग, 2 नग स्मार्ट फोन को जप्त किया।

गिरफ्तार आरोपियों की निसानदेही पर दो अन्य आरोपी आसिफ मोहम्मद व शाहिद कुरैशी को जामुल सब्जी बाजार के पास से पकड़कर उनके कब्जे से 250 पत्ता नशीली कैप्सूल, प्रत्येक पत्ता में 24 नग कैप्सूल, कुल 6,000 नग कैप्सूल व 2 स्मार्ट फोन जप्त किया गया। इस प्रकार पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 9840 नग ट्रामाडोल कैप्सूल व 4 स्मार्ट फोन जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 21 (सी), 27 (क) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### ये आरोपी भेजे गए जेल

1- आसिफ माहम्मद (33 साल) निवासी जोन 01 खुर्सीपार
2- प्रेम सिंह (36 साल) निवासी कैम्प 01 थाना छावनी
3- शाहिद कुरैशी (36 साल) निवासी दुर्गापारा न्यू खुर्सीपार
4- रवि कुमार शर्मा (30 साल) निवासी न्यू खुर्सीपार
5- उमेश कुमार कश्यप (38 साल) निवासी कैम्प 02 भिलाई

# फल मंडी के सामने, जीई रोड पर नहीं लगेगी पटाखा दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड 36 फल मंडी के सामने जीई रोड पर इस बार फटाखा दुकान नहीं लगेगी। वाहनों के आवागमन को सुचारू रूप देने के लिए यह निर्णय लिया गया। इससे लोगों को त्योहार पर ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। नगर पालिक निगम भिलाई जोन 3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत टाटा लाईन फटाका दुकान, वेडिंग जोन सहित सेक्टर 2 तालाब का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया। निगम आयुक्त ने वार्ड क्रं. 36 फल मण्डी के सामने जी.ई.रोड पर अस्थायी फटाका दुकान लगाए जाने वाले स्थल का निरीक्षण किया गया। दुकान का स्थल परिवर्तित करते हुए तीनदर्शन मंदिर या पावर हाउस लाल मैदान में अस्थायी फटाका दुकान लगाए जाने हेतु सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन को निर्देशित किए है। वार्ड 37 में नया वेडिंग जोन बनाया जाना प्रस्तावित है, जिसका आयुक्त द्वारा स्थल अवलोकन किया गया। इस स्थल को परिवर्तित करते हुए पावर हाउस मार्केट के पीछे वेडिंग जोन बनाने के संबंध में चर्चा की गई। आगामी छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए सेक्टर 2 छठ तालाब का निरीक्षण किया गया। तालाब की घॉस कटिंग एवं साफ-सफाई कार्य जारी है। आवश्यक व्यवस्था करने एवं प्रकाश व्यवस्था का तत्काल संधारण किये जाने निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता शंकर सुमन मरकाम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामणी यादव, सुपरवाइजर श्याम ठाकुर उपस्थित रहे।

▪ पावरहाउस मैदान में स्थल चयन किया भिलाई निगम ने

आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही टीमें

# नाले में मिला नवजात का शव, पुलिस जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई में सुपेला थाने से कुछ दूर पर नाले में बहता हुआ नवजात बच्चे का शव मिला है। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला और पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेज दिया है। फिलहाल पुलिस इसे अवैध संबंध के एंगल से जोड़कर जांच कर रही है। बुधवार सुबह जीई रोड के बागल से स्थित टाटा शोरूम के सामने से गुजरने वाले संजय नगर नाले के पास एक नवजात का शव (भ्रूण) मिला। वहां पर लोगों की भीड़ जुटने के बाद किसी ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि नाले में जो शिशु का शव मिला है वो एक भ्रूण (फीटस) है। प्रारंभिक जांच में यह साफ नहीं हो पाया है कि यह भ्रूण किसका है या किसने फेका। भ्रूण कहां से बहकर आया इसका पता लगाने के लिए पुलिस नाले के आसपास के क्षेत्र में पूछताछ कर रही है। साथ ही वहां लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। अभी कुछ भी क्लियर नहीं हुआ है कि भ्रूण को किसने फेंका है। पुलिस का कहना है कि या तो ये अवैध संबंध का मामला लगता है या फिर किसी अस्पताल के स्टॉफ ने उसे फेंका होगा।



### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

पुलिस को अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। उसके बाद ही यह पता चल पाएगा कि भ्रूण कितने दिन का है। साथ ही मेडिकल जांच में ये पता चलेगा कि भ्रूण गर्भ से गिराया गया है या जन्म के बाद फेंका गया है। मामले में मर्ग कायम कर सभी एंगल से जांच की जा रही है।

### फोरेंसिक की टीम भी पहुंची मौके पर

सूचना मिलते ही फोरेंसिक और मेडिकल टीम भी मौके पर पहुंची। उनके द्वारा नाले से सैंपल लेकर जांच की जा रही है। मेडिकल टीम भ्रूण की उम्र और मृत्यु के कारण पता लगाने की कोशिश कर रही है। यह भी जांच की जा रही है कि भ्रूण को फेंकने के पहले उसकी मौत हो चुकी थी या पैदा होने के तुरंत बाद उसे नाले में डाल दिया गया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप

### प्रश्नोत्तरी में हिस्सा लिया स्कूली बच्चों ने

**कुम्हारी।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025–26 के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण प्रश्नावली एवं सहायक सामग्री, संकेतन एवं लर्निंग आउटकम संबंधी अनुलग्नक का निरीक्षण पीएम श्री सेजस, कुम्हारी में किया गया। जिसमें हाई एवं हायर सेकेंडरी हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के लिए अंकेक्षण में पीएम श्री अहिवारा प्राचार्य उत्तम साहू एवं शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष आलोक दुबे ,पालक एवं शिक्षाविद बी. एल. यदु , संकुल समन्वयक अजय सिंह , अश्विनी देशलहरे वार्ड क्रमांक एक पार्षद जल प्रभारी नगर पालिका परिषद कुम्हारी, सुनीता कुर्रे जनप्रतिनिधि बसंत साहू पलक जीवन विद्या प्रबोधक शामिल हुए।

## निधन

### रामविशाल भोई



**दुर्ग।** वार्ड नंबर 28 बांसपारा निवासी रामविशाल भोई 86 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे भाजपा नेता अमर भोई के पिताजी एवं पूर्व पार्षद मंजू भोई के ससुर थे।

### तारा देवी शाह



**भिलाई।** संग्राम चौक कैंप एक निवासी तारा देवी शाह का बुधवार की शाम निधन हो गया। वे 65 वर्ष की थीं। अंतिम संस्कार गुरुवार की दोपहर 12 बजे राम नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व श्यामलाल शाह की पत्नी और अवध शाह व श्यामबिहारी शाह की भाभी थीं।

## आंदोलन : भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच जमकर की नारेबाजी

# बिजली बिल वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने किया घेराव, जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमधा

### कांग्रेसियों ने राज्य सरकार को हर मोर्चे पर बताया विफल



धमधा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर बिजली बिलों में हो रही बेतहाशा वृद्धि के विरोध में बिजली विभाग कार्यालय, धमधा का घेराव एवं तालाबंदी की। कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की। वही लोगों के अंदर का आक्रोश इनके हाथों में पकड़े तख्तियों में दिखाई पड़ रहा था जिसे बिजली कटौती बंद करो, बिजली टैरिफ वापस लो, बिजली बिल हाफ योजना चालू करो, बिजली बिल बढ़ोत्तरी बंद करो के नारे दिखाई पड़े।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मरार पटेल समाज भवन, धमधा से विशाल रैली निकाली, जो धीवर पारा, हटरी बाजार, बजरंग चौक और बस स्टैंड होते हुए बिजली कार्यालय पहुंची। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की नीतियों और बिजली बिलों में हुई वृद्धि के खिलाफ जोरदार नारेबाज़ी की। छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ते बिजली बिलों से आम जनता, किसान और छोटे व्यापारी परेशान हैं। भाजपा सरकार जनहित की उपेक्षा कर रही है, जिसके विरोध में यह आंदोलन किया गया।

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर दुर्ग ने कहा कि सरकार स्मार्ट मीटर के नाम पर आम जनों को सिर्फ और सिर्फ ठगने का प्रयास कर रही है दुर्भाग्य है हमारी देव तुल्य जानते का जो यह डबल और ट्रिपल इंजन की सरकार होने के बावजूद बिजली कटौती और बिजली के बिल में वृद्धि जैसे जन विरुद्ध कार्य कर रही है। जिला कांग्रेस महामंत्री दुर्ग राजीव गुप्ता ने कहा कि केवल बिजली कटौती और बिल वृद्धि की समस्या नहीं यह सरकार हर क्षेत्रों में 100 प्रतिशत फेल है।

आंदोलन में शिवकुमार वर्मा, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा घेराव कार्यक्रम युवा कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन राणा, शमशीर कुरैशी, रजत नायक, अरुण साहू, धर्मेंद्र साहू, सुरेंद्र यादव, पूर्व सभापति लुमेश्वर पटेल, महेंद्र यादव, संदीप गुप्ता, निर्मल जैन, जितेन्द्र वर्मा, ज्वाला साहू, श्रवण साहू जीवन निर्मलकर, अघ्नु पाल, देवेन्द्र चंदेल, अनिल साहू, त्रिलोकी पटेल, कामदेव साहू, ईश्वरीय निर्मलकर परमेश्वर यादव, प्रहलाद यादव, दिलीप जंघेल , डामन वर्मा , पूर्व सदस्य बीज निगम जालम, पटेल, टीकाराम उमरें, रोमन पटेल, रामचंद जँघेल, ओमकुमार वर्मा, राज पटेल,विजय ढीमर, राज पटेल, विनोद पटेल , हरख साहू, आकाश द्वेदी, प्रहलाद यादव, दुखित पटेल, संतलाल बंजारे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा और कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान कांग्रेसजनों के साथ-साथ आमजन भी बिजली बिल योजना में बदलाव का विरोध किया।

### बिजली दफ्तर का घेराव कर ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी कुम्हारी ने किया प्रदर्शन



**कुम्हारी।** बिजली दरों में वृद्धि और अधिक बिजली बिल आने से नाराज ब्लॉक युवा कॉंग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने बिजली के दफ्तर में प्रदर्शन करते हुए बुधवार को दफ्तर का घेराव किया। ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत ने कहा कि एक तो जनता पर मंहगाई का बोझ और ऊपर से बिजली के बिल में अप्रत्याशित बढ़ोतरी ने आम लोगों की कमर तोड़ कर रख दी है। आज हर व्यक्ति बिजली के बिल से परेशान है। भाजपा के सत्ता में आते ही पूर्ववर्ती कॉंग्रेस की सरकार में बिजली बिल हाफ की योजना को बंद कर लोगों पर भारी भरकम बिल थोप दिया गया। पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने कहा कि हमे भाजपा सरकार से कोई ज्यादा उम्मीदें नही हैं हमे पता है कि सिर्फ अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए ही बिजली बिल में बढ़ोतरी की गई है। जिन ग्रामीणों के बिजली बिल 100-200 रुपए आते थे आज उनका बिजली बिल हजारों में आ रहा है। गांव में जाकर देखिए गांव की रोशनी चली गई है। हमे भाजपा की साय सरकार से ज्यादा उम्मीदे नहीं हैं क्योंकि इनके पास गरीबों के लिए कोई योजना ही नही है बस 400 यूनिट फ्री बिजली योजना को पुनः प्रारम्भ कर दें जिससे गरीबों को राहत मिल सके। वहीं एक महिला उपभोक्ता ने बताया कि मैं किराए के मकान में रहती हूं और मेरे पास आय का स्रोत भी नही है मेरा बिजली बिल दस गुना ज्यादा आया है मैं कैसे अपना जीवन यापन करूंगी। प्रदर्शन पश्चात कांग्रेसजनों ने सहायक अभियंता विद्युत वितरण केंद्र कुम्हारी के वी के बंजारे को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। इस प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, पूर्व पार्षद मनहरण यादव, राकेश कुर्रे, पार्षद लेखराम साहू, विकास सोनकर, कमल कमलेशिया, युवराज साहू, विजय वर्मा, फुसनु कुर्रे, काजू खान, मिलन सिंह, अखिलेश सिंह, गिरीश देवांगन, सुनील शुक्ला, रीना साहू एवं सीता साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस पार्षदों ने किया नीलामी प्रक्रिया का विरोध, लगाए सीएमओ के खिलाफ नारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

नगर पंचायत में उस समय हंगामा मच गया जब व्यावसायिक परिषद की 37 दुकानों की किराया टेंडर प्रक्रिया में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्षदों और आवेदक नागरिकों ने बुधवार को सीएमओ कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नगर पंचायत प्रशासन ने गुपचुप तरीके से दुकानों का आबंटन कर दिया, जबकि टेंडर प्रक्रिया की कोई सार्वजनिक सूचना या पारदर्शी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई।

जानकारी के अनुसार, इन दुकानों का निर्माण पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में, करोड़ों की लागत से बने व्यावसायिक परिसर में किया गया था, ताकि स्थानीय व्यापारियों और युवाओं को व्यवसाय का अवसर मिल सके। लेकिन अब इन्हीं दुकानों के आबंटन में पारदर्शिता की अनदेखी किए जाने पर कांग्रेस पार्षदों ने नगर प्रशासन पर भ्रष्टाचार और पक्षपात के गंभीर आरोप लगा रहे है। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि नगर पंचायत ने पात्र आवेदकों को सूचना दिए बिना ही 37 दुकानों का टेंडर जारी कर दिया और मनचाहे लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पूरी प्रक्रिया को छिपाकर पूरा किया गया। प्रदर्शनकारियों ने 'गुप्त टेंडर वापस लो' 'पारदर्शी जांच करो' और 'सीएमओ होश में आओ' जैसे नारे लगाए। धरने में शामिल कांग्रेस पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि दुकान आबंटन प्रक्रिया को निरस्त कर पुनः खुली नीलामी नहीं की गई तो वे आंदोलन को और उग्र रूप देंगे।

पार्षदों का कहना है कि नगर पंचायत में बीजेपी पार्षदों की मिलीभगत से व्यावसायिक परिसर की दुकानों का अनुचित आवंटन किया गया है, जिससे वास्तविक आवेदकों के साथ अन्याय हुआ है। इस मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। सीएमओ कार्यालय के बाहर घंटों तक कांग्रेस जन और आवेदक धरने पर बैठे रहे। नागरिकों का भी कहना है कि नगर पंचायत की यह कार्रवाई संदेहास्पद है और इसे तत्काल वापस लेकर निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। नगर पचायत पाटन के नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे ,पार्षद पुरुषोत्तम कश्यप ,पार्षद वीरेंद्र कौशिक ,नीरज देवांगन ,रूपेश लहरी ,गोपाल देवांगन ,युवराज साहू ,नीरज सोनी ,कमलकांत वर्मा ,मनीष ,देवांगन ,हरीश देवांगन ,लीलधार वर्मा ,प्रदीप देवांगन , पार्षद मनोज कुर्रे ,पार्षद दीपक यादव और पार्षद सरजू साहू ने विरोध प्रदर्शन में भागीदारी दी।

## बिजनेस साइट

### कांती ज्वेलर्स में उपहारों की बौछार को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद




**भिलाई।** सिरसा रोड चांदनी चौक भिलाई में संचालित कांती ज्वेलर्स में ग्राहकों के लिए नवरात्रि एवं दिपावली के शुभ अवसर पर उपहारों की बरसात एवं दिवाली धमाका ऑफर दिया जा रहा है। ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि खुशियों के रंग कांती ज्वेलर्स के संग के तर्ज पर ग्राहकों के लिए कई प्रकार के आकर्षक उपहारों का ऑफर दिया जा रहा है। कांती ज्वेलर्स 17 वर्षों से ग्राहकों की सेवा में लगा हुआ है। 22 सितंबर से 25 हजार की खरीदी पर लक्की ड्रा कूपन दिया जा रहा है। कूपन का ड्रा 1 जनवरी 2026 को खोला जाएगा जिसमें विशेष आकर्षक उपहार ग्राहकों को दिया जाएगा। कांती ज्वेलर्स की स्वर्ण एवं चांदी संचय योजना के तहत 1 हजार, 2 हजार, 5 हजार के 12 माह के आसान किस्तों में उपलब्ध है। जमा करने से 1 माह छूट मिलेगा। कांती ज्वेलर्स में डायमंड, सोना, चांदी के आकर्षक डिजाइन के गहने उपलब्ध है साथ ही राशि रत्न भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कांती ज्वेलर्स दुकान में संपर्क किया जा सकता है।

## बीएम कॉलेज में फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन




**भिलाई।** बीएम कॉलेज, कोलिहापुरी, पुलगांव, दुर्ग में फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेटा माइंड्स के मेमोरी कोच रोहित तेलंग मुख्य वक्ता और प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला का प्रारम्भ महाविद्यालय डायरेक्टर बी साव, एमएल साव, प्राचार्य एवं मुख्य वक्ता रोहित तेलंग के द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। महाविद्यालय परिवार कि ओर से श्रीफल एवं शाल भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता रोहित तेलंग ने 'मेमोरी एन्हासमेंट एंड ब्रेन डेवलपमेंट' विषय पर चर्चा करते हुये मानव स्मृति पर जोर देते हुये बताया कि हम अपने स्मृति में अच्छे, बुरे इत्यादि बातो को स्टोर करके रखते हैं। इसके बाद तेलंग ने मस्तिष्क के दो भाग बांया और दाया पर पर बात करते हुये बताया कि मानव मस्तिष्क का बांया हिस्सा तार्किक, अंकगणित जैसे कार्यों को करने के लिए तथा दायाँ भाग में भाव, कला, अनैक्षिक विचार, साहित्य एवं रचना जैसे कार्यों को करने के लिए उपयोग किया जाता है। बहुत सी नई मेमोरी तकनीकों से सभी को अवगत कराया और उसके शिक्षण में होने वाले लाभ को विस्तृत रूप से समझाया एवं स्मृति शक्ति का सीधा सम्बन्ध ध्यान, पुनरावृति और संगठन से है बताया। कार्यशाला के अंत में सहा. प्राध्यापक टुकुनी दलाई ने मुख्य वक्ता का महाविद्यालय कि ओर से आभार व्यक्त किया एवं कार्यशाला सब के लिए लाभप्रद रहा और भविष्य में ऐसे ही कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए करने का इच्छा प्रकट की। कार्यशाला में कॉलेज के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## भारती विश्वविद्यालय में यूथ पार्लियामेंट आयोजित



**दुर्ग ।** भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग के विधि संकाय एवं आईक्यूएसी सेल के संयुक्त तत्वावधान मे 6 अक्टूबर को विश्वविद्यालय परिसर में यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में संसदीय प्रक्रियाओं की समझ विकसित करना, अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करना एवं लोकतांत्रिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के सभी संकायो के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में अतिथि निर्णायक के रूप में ऋषि राज पांडेय उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों के तर्क-वितर्क, संसदीय अनुशासन, अभिव्यक्ति शैली तथा नीति संबंधी दृष्टिकोण का मूल्यांकन किया । उक्त अवसर पर विश्वविद्यालय के संरक्षक मंडल से सुशील चंद्राकर कुलाधिपति, शालिनी चंद्राकर, जय चंद्राकर, कुलपति प्रो. बीएन तिवारी, रजिस्ट्रार वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार, प्रभजोत सिंह भुई, डॉ. घनश्याम साहू, डॉ. आरपी अग्रवाल एवं डॉ. आलोक भट्ट डीन अकादमी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में कुल 50 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता दी, जिनमें से श्रेष्ठ वक्ता के रूप मे सौरभ चटर्जी, आकाश मित्रा एवं नयन खोब्रागडे चयनित हुए। चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक पाते हुए,भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की घोषणा की।



## कॉलेज स्टूडेंट ने जाना इंटर्नशिप का महत्व

**उतई।** शिक्षा विभाग प्रिज्म स्कूल ऑफ एजुकेशन में बी.एड. प्रथम सेमेस्टर हेतु इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षण-पेशे की मूलभूत समझ, शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम की संरचना तथा संस्थान की गतिविधियों से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्रमुख रुपेश कुमार गुप्ता (चेयरपर्सन) ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इंटर्नशिप के महत्व को विस्तार से समझाया। प्रिज्म ग्रुप की डायरेक्टर ख्याति साहू और डायरेक्टर अशिम ने कहा कि अनुशासन और सीनियर्स के आचरण से जूनियर्स संस्थान की संस्कृति और अनुशासन सीखते हैं।

फार्मेसी की प्राचार्य सीमा ने अपने उद्बोधन में कहा एक अच्छा शिक्षक समाज की नींव होता है। शिक्षा विभाग की प्राचार्य डॉ अंजना ने शैक्षणिक कैलेंडर एवं प्रायोगिक कार्यों का परिचय दिया तथा विद्यार्थियों को शिक्षक के रूप में अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। नव प्रवेशित विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया तथा पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। यह कार्यक्रम प्राध्यापक रेखा नामदेव के मार्गदर्शन से संपन्न हुआ। मंच संचालन मोनिका गायकवाड ने किया।

## टावर लाइन मामले में आज घेराव

**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के 19 ग्रामों के लगभग 1650 किसान 09 अक्टूबर को जिला कलेक्टर कार्यालय दुर्ग का शांतिपूर्ण घेराव करेंगे। किसानों का आरोप है कि 400 के.वी. ट्रांसमिशन टावर लाइन परियोजना के तहत मिलने वाले मुआवजा वितरण में जिला प्रशासन द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। प्रशासन ने मुआवजा वितरण अधिनियम 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन किया है तथा शासनादेश मार्च 2025 टावर बेस के 200 प्रतिशत और राइट ऑफ वे की 30 प्रतिशत मुआवजा राशि में मनमाने ढंग से कटौती की है। प्रभावित किसानों का आरोप है कि क्षेत्रीय तहसील कार्यालयों द्वारा बिना अधिसूचना जारी किए, बिना ग्रामसभा की सहमति और बिना सर्वे रिपोर्ट उपलब्ध कराए किसानों से जबरन हस्ताक्षर करवाए जा रहे हैं, जो पूर्णतः नियम विरुद्ध है और किसानों के अधिकारों का हनन करता है। किसानों की माँग है कि जिला प्रशासन अधिनियम 2013 के अनुसार मुआवजा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए, पुनः सर्वे कराए और दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही करे।

### मंत्री कश्यप से मांगी खाद, बीज व सुविधाएं



**जामगांव आर।** एरिया के प्राधिकृत अधिकारियों के समूह ने प्रदेश के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से बुधवार को भेंट कर अपनी अपनी सोसायटियों की समस्याओं अधिकारियों की कार्यशैली से अवगत कराया । इस दौरान किसान हित में सुझाव देते हुए खाद, बीज सहित अन्य सुविधाओ में त्वरित सहयोग के लिए आग्रह किया। मंत्री कश्यप ने अध्यक्षों की बात गौर से सुनी और किसानों को कोई परेशानी नहीं होने देने का आश्वासन दिया। भेंट करने वालो में प्राधिकृत अधिकारी योगेश्वर साहू, भगवान सिंह चंद्राकर, विनोद ठाकुर, राजेश बंछोर, तेजेन्द्र पिपरिया, संजय चंद्राकर और संतोष घिरवानी शामिल हुए। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप को डीडाभाठा सोसायटी अध्यक्ष योगेश्वर साहू ने शीघ्र बाउंड्री वाल बनाने हेतु आवेदन सौंपा।



## बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष पहुंची माँ महामाया के द्वार

**धमधा।** छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्षा वर्णिका शर्मा जी अपने प्रवास के दौरान माँ महामाया के दर्शन के लिए धमधा आई और उन्होंने माँ महामाया से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि मैं धमधा नगर की भांजी हु और बहुत दिनों से धमधा में माता के दर्शन करने के लिए आना चाह रही थी, आज मैंने अपनी माता के दर्शन कर लिए।

इस 1300 साल पुराने मंदिर में यहाँ की शिल्पकला, नक्काशी अद्भुत है, जो छात्र इतिहास, पुरातत्व की पढ़ाई करते है उन्हें एक बार जरूर यहाँ आने चाहिए। पूर्व उपसरपंच स्वरूप नारायण ताम्रकर ने बताया कि ताम्रकार समाज द्वारा यहाँ कांसे के बर्तन बनाये जाते हैं जो कि प्रसिद्ध हैं। वर्णिका शर्मा ने भविष्य में और धमधा नगर आने की बात कही और धमधा में कांसे के बर्तन बनते देखने की इच्छा जाहिर की। भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र ब्रह्मभट्ट ने उन्हें मंदिर का भ्रमण करवाया और धमधा के इतिहास की जानकारी दी।

**Notice**

I am PUSHP LATA YADAV D/O B.R. YADAV, resident of House No.-153/7, Krishna Talkies Road, Beside HDFC Bank, Ashish Nagar west, Post office-Bhilai Distt.-Durg (C.G.) PIN-490006.

Before Marriage my name was PUSHP LATA YADAV D/O B.R. Yadav. Now I have Changed my old name after marriage. After marriage my new name has become PUSHPLATA CHANDRAPRAKASH YADAV W/O CHANDRAPRAKASH BABUNANDAN YADAV. So in all government and other documents my new name that is PUSHPLATA CHANDRAPRAKASH YADAV W/O CHANDRAPRAKASH BABUNANDAN YADAV Should be written.

Deponent.
PUSHPLATA CHANDRAPRAKASH YADAV

न्यायालय नायब तहसीलदार जामगाँव (आर) के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202510101700002/ मामले की श्रेणी- राजस्व
विषयः- अ-74 सन्ः- 2025-2026
किकिरमेटा प.ह.न. 00056 [539 (0.1300 हे.) ]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- लतखोर, अनावेदक पक्षकार - छ.ग.,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम आगेसरा, प.ह.नं. 56 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक लतखोर आ. बंशी, निवासी ग्राम-आगेसरा, तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम-किकिरमेटा, प.ह.नं.-56, तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं0-539, रकबा 0.13 हे., आवेदक के स्वयं के नाम पर भूमिस्वामी हक में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त खाते की ऋण-पुस्तिका ग्राम-आगेसरा से जामगांव (आर) के बीच रास्ते में कहीं गुम हो गई। खोज-बीन पश्चात नहीं मिलने पर ऋण पुस्तिका गुमशुदगी की सूचना थाना जामगांव आर, तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग में किया गया है। उक्त खाते की ऋण पुस्तिका किसी बैंक संस्था, व्यक्ति के पास बतौर बंधक, गिरवी एवं रहन-गहन नहीं है। खाद-बीज एवं कृषि कार्य करने में आवेदक को ऋण पुस्तिका की आवश्यकता है। आवेदित खाते की द्वितीय प्रति किसान किताब दिलाई जावें। आवेदन पत्र के साथ खाते का बी 1 नकल, थाने मे की गई रिपोर्ट की प्रति, बैंक का नोड्यूज प्रमाण-पत्र, चालान की प्रति आवेदक द्वारा संलग्न किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 27/10/2025 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/10/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
MAMTA TAWARI
नायब तहसीलदार जामगांव
आर तहसील - पाटन

## बिजनेस साइट

### गहरे संसाधन, पूंजी की कम लागत- कॉन्ग्लोमरेट का लाभ

**भिलाई।** व्यवसाय में भी, जीवन की तरह, बड़े अक्सर और बड़े होते जाते हैं। कॉन्ग्लोमरेट मजबूत प्रमोटर समूहों द्वारा समर्थित बड़े व्यवसाय होते हैं, जिनकी कई क्षेत्रों में उपस्थिति होती है। कॉन्ग्लोमरेट्स को आमतौर पर कई प्रमुख फायदे मिलते हैं, जैसे कि गहरे संसाधन, पूंजी की कम लागत, पैमाने की अर्थव्यवस्थाएं, उभरते क्षेत्रों में विस्तार करने या पीछे या आगे एकीकृत होने की क्षमता, और एक बड़ा ग्राहक और उत्पाद आधार, जो उनकी वृद्धि और दीर्घकालिक सफलता की संभावनाओं को बढ़ाता है। यहाँ इसका तरीका बताया गया है।



आदित्य कुमार
प्रोपराइटर, आश्वी फिनकॉर्प, भिलाई

गहरे संसाधन कॉन्ग्लोमरेट्स को प्रतिस्पर्धियों से पहले तेजी से बढ़ते, उभरते उद्योगों में प्रवेश करने की क्षमता देते हैं, साथ ही उच्च पूंजी व्यय वाले उद्योगों या उच्च प्रवेश बाधाओं वाले उद्योगों में भी । जैविक वृद्धि के अलावा, गहरे संसाधन विलय और अधिग्रहण के माध्यम से उनकी अकार्बनिक, तेज वृद्धि को भी सक्षम बनाते हैं। उनकी मजबूत बैलेंस शीट और नकदी भंडार को ऋणदाताओं और निवेशकों द्वारा कम जोखिम भरा माना जाता है, जिससे उनकी पूंजी की लागत कम हो जाती है। वे साझा बुनियादी ढांचे, आपूर्तिकर्ताओं से निपटने के दौरान बेहतर सौदेबाजी की शक्ति आदि के रूप में पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं का आनंद लेते हैं। कच्चे माल की बड़ी आंतरिक मांग के साथ, वे अक्सर पीछे की ओर एकीकृत होते हैं, उदाहरण के लिए एक स्टील कंपनी स्थिर ऊर्जा लागत और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा व्यवसाय में कदम रखती है। इसी तरह, वे आमतौर पर अपने उत्पादों की निरंतर मांग पैदा करने के लिए आगे की ओर एकीकृत होते हैं - उदाहरण के लिए, स्टील कंपनी एक सीमेंट व्यवसाय स्थापित करती है जो कच्चे माल के रूप में स्टील का उपयोग करता है। एक व्यापक ग्राहक और उत्पाद आधार के साथ, कॉन्ग्लोमरेट्स क्रॉस-सेलिंग को बढ़ावा देने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। उदाहरण के लिए, बैंकिंग, धन प्रबंधन, पूंजी बाजार, बीमा और ब्रोकिंग में विविध एक वित्तीय सेवा समूह अपने बड़े ग्राहक आधार का उपयोग करके कई उत्पादों की क्रॉस-सेलिंग कर सकता है। एक बैंकिंग ग्राहक को पारंपरिक जमा और ऋण के अलावा बीमा, धन प्रबंधन सेवाएं, एक डीमैट खाता, या क्रेडिट और डेबिट कार्ड भी दिए जा सकते हैं।

इन फायदों के साथ, कॉन्ग्लोमरेट्स एक स्मार्ट निवेश हो सकते हैं। कॉन्ग्लोमरेट का पालन करने वाले म्यूचुअल फंड भारतीय कॉन्ग्लोमरेट्स में निवेश करने और उनकी वृद्धि से लाभ उठाने का एक शानदार तरीका हो सकते हैं। इसी के अनुरूप, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड की नवीनतम पेशकश - आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल कॉन्ग्लोमरेट फंड पर विचार कर सकते हैं, जो कॉन्ग्लोमरेट थीम का पालन करने वाली एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना है। नया फंड ऑफर (एनएफओ) 3 अक्टूबर, 2025 से 17 अक्टूबर, 2025 तक खुला है।

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.
आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.
पुलगाँव चौक, महालक्ष्मी मार्केट शॉप नं.C11 दुर्ग, मो. 7869433660, 9399486858



HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण पर केबीसी में प्रसारण आज



**दुर्ग।** केबीसी (कौन बनेगा करोड़पति ) के मंच से अब पर्यावरण कार्यकर्ता रोमशंकर यादव द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाई जा रही मुहिम का संदेश पूरे देश में पहुंचेगा यही नहीं सोनी टीवी का प्रसारण होने वाले अन्य देशों तक भी उनका यह संदेश जाएगा पर्यावरण संरक्षण के लिए सुपर स्टार अमिताभ बच्चन ने केबीसी में उन्हें आदित्य बिरला ग्रुप की ओर से फोर्स फार गुड हीरोस का सम्मान प्रदान किया सोनी टीवी के कौन बनेगा करोड़पति में 9 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे उनके कार्यों को लेकर अमिताभ के साथ चर्चा का प्रसारण किया जाएगा इस सीजन में पूरे भारत वर्ष से 10 लोगों का फोर्स फार गुड हीरोस के रूप में चयन किया है इनमें से एक रोमशंकर का नाम भी शामिल है अभिताभ बच्चन ने केबीसी के मंच से रोमशंकर द्वारा जन्मदिन, मांगलिक अवसरों पर पौधरोपण व पौधे भेंट करने चलाए जा रहे मुहिम को पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वयं भी आगे बढ़ाने का ऐलान किया गौरतलब कि इसके पहले भी रोमशंकर पर्यावरण संरक्षण के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथो स्पीक आऊट रिमेनिंग छत्तीसगढ़ सम्मान से भी सम्मानित हो चुके हैं।

### डिप्टी डायरेक्टर जनरल संतोष का बीएसपी दौरा

**भिलाई।** इस्पात मंत्रालय की डिप्टी डाईरेक्टर जनरल (डीडीजी) संतोष ने बुधवार को भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया और इस्पात निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं काअवलोकन किया। बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र और ईडी राकेश कुमार, सीजीएम देवदत्त सत्पथी उनका स्वागत किया।
संयंत्र भ्रमण के दौरान संतोष के साथ सीजीएम तुषार कांत, महाप्रबंधक एवं डीएसओ पुष्पा एम्ब्रोज़ तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। डीडीजी ने मॉडेक्स इकाइयों में विशेष रुचि प्रदर्शित की और ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 तथा यूनिवर्सल रेल मिल, प्लेट मिल, कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग तथा रोलिंग मिल प्रयोगशाला का भी भ्रमण किया। उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल का सजीव दृश्य देखा, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में क्रूड स्टील के उत्पादन की प्रक्रिया को निकट से समझा तथा यूनिवर्सल रेल मिल में विश्व की सबसे लंबी 130 मीटर रेल के रोलिंग को देखा।

### बीएसपी में कॉन्ट्रैक्टरों की हुई बैठक, ली शपथ

**भिलाई।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र के अनुबंध एवं बजट विभाग (सीबीडी) द्वारा सतर्कता विभाग के सहयोग से कॉन्ट्रैक्टरों की संवादात्मक बैठक का आयोजन सम्मेलन कक्ष में किया गया। सेवा अनुबंधों पर सभी प्रतिभागियों द्वारा सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण और संविदात्मक लेन-देन में पारदर्शिता, नैतिकता और ईमानदारी को बनाए रखने का संकल्प लिया।
सीजीएम सुनील सिंघल ने कहा कि सतर्कता विभाग अब ठेका कर्मियों को भी सतर्कता जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल कर रहा है, जिससे सतर्कता के दायरे का विस्तार हो और सभी हितधारकों में नैतिक आचरण के प्रति जागरूकता बढ़े।

# एसएसपी ने ली पुलिसवालों की क्लास, बेस्ट पुलिसिंग के लिए फिट रहना जरूरी

## 90 दिन के भीतर सभी प्रकरण का निराकरण नहीं हुआ तो लगेगी क्लास, हो सकती है कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बुधवार को पाटन अनुभाग की समीक्षा बैठक लेने के साथ साथ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को फिट रहने की नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि फिट रहोगे तभी अपराध और अपराधी को पकड़ पाओगे। उन्होंने सभी को चेतावनी दी है कि कोई प्रकरण 90 दिन से अधिक समय तक लंबित नहीं रहना चाहिए। ऐसा होने पर संबंधित जांच अधिकारी से जवाब मांगा जाएगा।

एसएसपी विजय अग्रवाल ने पाटन अनुविभाग के थाना प्रभारियों एवं विवेचकों से लंबित अपराध तथा चालान के निराकरण के बारे में जानकारी मांगी। उन्होंने सभी को थाना उतई परिसर में बुलाया था। यहां प्रत्येक थाना प्रभारियों और विवेचकों से उनके पास विवेचना निराकरण और लंबित अपराधों व चालानों की केस डायरी का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने जमकर नाजारगी जताई और स्पष्ट रूप से कहा कि यदि कोई भी प्रकरण 60 या 90 दिवस के भीतर निराकरण नहीं हुआ तो जांच अधिकारी की जांच शुरू हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी प्रकरण के निराकरण में या आरोपी की धरपकड़ के लिए दूसरे राज्य पुलिस टीम को भेजना है या अन्य किसी प्रकार की मदद चाहिए तो उसकी जानकारी दें और कार्यालय से नियमानुसार अनुमति लेकर उसे पूरा करें। समीक्षा बैठक में एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा, थाना प्रभारी उतई महेश ध्रुव, थाना प्रभारी अमलेश्वर बसंत बघेल, थाना प्रभारी पाटन अनिल साहू, थाना प्रभारी रानीतराई पुरुषोत्तम कुर्रे, थाना प्रभारी जामगांव आर फागूराम साहू सहित अन्य विवेचक गण उपस्थित रहे।



### हर फिरयादी की समस्या सुनकर करें निराकरण

एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि थानों में आने वाले किसी भी फिरयादी की ये शिकायत नहीं आनी चाहिए कि उसकी समस्या या शिकायत को नहीं सुना गया। हर रिपोर्टकर्ता, फरियादी के थाना में आने पर उसकी सुनवाई कर समस्या का निराकरण किया जाना है।

### बीट प्रभारी के पास होनी चाहिए हर निगरानी गुंडा बदमाश की कुंडली

निगरानी बदमाश, गुण्डा बदमाश, गैंग हिस्ट्रीशीटरों को लेकर एसएसपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी के ऊपर किसी भी तरह की मुरव्वत नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर थाना क्षेत्र में वहां के बीट प्रभारी के पास उसके बीट के गुंडा बदमाशों की कुंडली होनी चाहिए। साथ ही लगातार उनके चाल चलन गुजर बसर और आय के स्त्रोतों के बारे में जानकारी लेते रहना चाहिए। यदि बदमाश जेल में है तो तो जेल जाकर उस पर मॉनिटरिंग करना चाहिए।

### बिना सीटबेल्ट और हेलमेट के वाहन चालकों पर करें कार्रवाई

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि पाटन क्षेत्र की सड़कों पर गाय मवेशी के बैठे होने से सड़क दुर्घटना बढ़ गई हैं। दोपहिया वाहन चालक बिन हेलमेट के वाहन चलाते हैं और दुर्घटना होने पर उन्हें गंभीर चोटें आती हैं। इसलिए सभी दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को हेलमेट और सीट ब्लेट का उपयोग करना जरूरी है। ऐसा ना करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के बैनर तले आईआर आफिस के सामने की नारेबाजी

# बोनस नहीं मिलने से गुस्साए बीएसपी ठेका श्रमिकों ने मुर्गा चौक पर किया जंगी प्रदर्शन

## दिवाली पूर्व बीस प्रतिशत बोनस की पूरी राशि मजदूरों के खाते में जमा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अब तक बोनस भुगतान नही किए जाने से गुस्साए भिलाई इस्पात संयंत्र के सैकड़ों ठेका मजदूरों ने बुधवार को बीएसपी के मेन गेट के निकट आईआर आफिस के सामने सेक्टर एक मुर्गा चौक जंगी प्रदर्शन किया। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के बैनर तले श्रमिकों ने बोनस को लेकर ठेकेदारों के खिलाफ असंतोष जताते हुए त्योहार के पूर्व बोनस भुगतान कराने की मांग बीएसपी प्रबंधन से की। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

इंटक यूनियन द्वारा अध्यक्ष संजय साहू की अगुवाई में बीएसपी में कार्यरत सैकड़ों मजदूर सुबह सेक्टर एक चौक के निकट एकत्र हुए। रैली की शक्ल में मुर्गा चौक पहुंचे। यहां बैनर और झंडे लहराते हुए प्रदर्शन किया। गुस्साए मजदूर यूनियन नेताओं के साथ बोनस को लेकर ठेकेदारों व प्रबंधन की नीम बेहोशी व भेदभाव के खिलाफ नारे लगा रहे थे। प्रदर्शन के दौरान यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज के नाम आईआर के महाप्रबंधक जेएन ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने सभी ठेका मजदूरों को दिवाली पूर्व बीस प्रतिशत बोनस भुगतान कराने और बोनस की पूरी राशि श्रमिकों के खाते मे जमा कराने सुनिश्चित करने की मांग की गई । प्रदर्शन को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि बीएसपी के उत्पादन, रखरखाव एवं लाभार्जन में ठेका श्रमिकों का योगदान महत्वपूर्ण है। इन्हीं श्रमिकों के परिश्रम से संयंत्र निरंतर कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। नियमित कर्मचारियों को बोनस का भुगतान किया जा चुका है लेकिन अब तक ठेका श्रमिकों को बोनस प्रदान नहीं किया गया है। ठेकेदारों व प्रबंधन की सुस्ती से मजदूरों में आक्रोश बढ़ रहा है।





### दी आंदोलन की चेतावनी

मजदूरों को संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि बीएसपी का 70% कार्य ठेका श्रमिकों द्वारा संपन्न किया जाता है। तेजी से रिटायर हो रहे नियमित कर्मचारियों के बीच अल्प वेतन व अल्प संसाधनों में काम करने वाले इन्हीं मेहनतश मजदूरों पर बीएसपी का भविष्य टिका है। इसके बाद भी ठेका मजदूरों को हर साल बोनस के लिए तरसना पड़ता है। जल्द सभी मजदूरों को बीस प्रतिशत बोनस नहीं दिया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

### जीएम ने धनतेरस से पूर्व सभी को पूरा बोनस का दिया आश्वासन

प्रदर्शन में बीएसपी के महा प्रबंधक जेएन ठाकुर ने आकर स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के मांगों पर कहा की प्रबंधन स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की मांगों पर ठेका कंपनियों से चर्चा कर निर्देश दे दिया गया है और यह सुनिश्चित करने कहा गया है कि धनतेरस के पूर्व सभी ठेका श्रमिकों के बैंक में बोनस दे दिया जाएगा। प्रदर्शन में स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के उपाध्यक्ष सीपी वर्मा, गुरुदेव साहू, आर दिनेश, मनोहर लाल, संतोष ठाकुर, केएल लहरे, सुरेश दास टंडन, कान्हा, देवेंद्र कुमार, दामन लाल, दौऊलाल, यशवंत यादव, मनहरण, नारायण, नरेंद्र, इंद्रमणि, बलराम वर्मा, के रामू ,जय कुमार, नवीन कुमार, कामता पटेल, संजू मानिकपुरी, कृष्ण कुमार वर्मा, संजय कुमार खेलकर, नरेंद्र कुमार, टोमन लाल, धनुष कुमार कार्यकारिणी के सदस्य प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक उपस्थित थे।

# भीख मांगने के बहाने घूम-घूम कर चोरी करने वाला दंपति हुआ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई भट्ठी पुलिस ने घूम-घूम कर भीख मांगने के बहाने चोरी करने वाले दंपति को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी का लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त किया गया है। दोनों लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। भट्ठी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 6 अक्टूबर को थाने में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी कि 6 अक्टूबर की सुबह वो नहाने गया था। उसका लैपटॉप वहीं कमरे में रखा था। उसकी मां किचन में दूसरा काम कर रही थी। इसी दौरान कोई घर का दरवाजा खुला देखकर घुसा और लैपटॉप लेकर चला गया है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि घूम घूम कर भीख मांगने वाले एक पुरुष और महिला रेलवे स्टेशन दुर्ग में कुछ लोगों को लैपटॉप दिखाकर उसे बेचने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने संदेह के आधार पर हेमंत सोबर और नागमणी सोबर को हिरासत में लिया। पुछताछ में उन्होंने बताया कि वो लोग गजरा चौक के पास थाना सिरगिटटी बिलासपुर के रहने वाले हैं और दुर्ग भिलाई शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूम घूम कर भीख मांगते हैं और इसी दौरान उन्होंने कई घरों का दरवाजा खुला पाकर वहां रखा सामान भी चोरी स्वीकार किया।

### मिट्टी में गाड़ कर छिपा दिया था चोरी का सामान

आरोपियों ने बताया कि उन्होंने चोरी का मोबाइल और लैपटॉप दुर्ग रेल्वे स्टेशन के ओवर ब्रिज के नीचे जमीन में गड्ढा करके छिपा दिया है। पुलिस उन्हें अपने साथ वहां ले गई और उनके बताए जगह पर खोदकर 8 मोबाईल और एचपी कंपनी का लैपटॉप जब्त किया।

## सीजेआई पर जूता फेंका माकपा ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), दुर्ग जिला संगठनिक समिति, ने देश के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने की घटना की कड़ी निंदा की है। मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन में पंजीकृत, जूता फेंकने वाले अधिवक्ता पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। दुर्ग जिला सांगठनिक समिति के एसपी डे ने जारी बयान में कहा कि मुख्य न्यायाधीश का पद एक संवैधानिक पद है और खुली अदालत में सनातन धर्म का नारा लगाते हुए जूता फेंक कर उन पर किया गया यह हमला भारत की पूरी संवैधानिक व्यवस्था का घोर अपमान है। यह घटना हिंदुत्व के नाम पर बहुसंख्यक सांप्रदायिक ताकतों द्वारा समाज में फैलाए जा रहे सांप्रदायिक जहर का एक और उदाहरण है, जिसका मकसद भारत के लोकतांत्रिक संवैधानिक व्यवस्था को ध्वस्त कर एक ऐसी तानाशाही व्यवस्था कायम करना है । माकपा ने मांग की है कि केंद्र सरकार मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करे, असहिष्णुता फैलाने वाले व्यक्तियों और संगठनों से सख्ती से निपटे तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और असहमति के अधिकार की रक्षा सुनिश्चित करने पर्याप्त कदम उठाए।

# क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- क्रेडिट लिमिट बढ़ाने दिया था आरोपी ने युवक को झांसा

नेवई थाना में युवक से क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 1.95 लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नेवई पुलिस ने बताया कि हिन्द नगर रिसाली निवासी सुमित दिलीप मोदी (27 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 19 सितंबर की शाम 6.54 बजे उसे एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल उठाने पर कॉलर ने कहा कि वह ऐक्सिस बैंक से बोल रहा है। उससे क्रेडिट लिमिट के संबंध में बात हुई थी। प्रार्थी को कस्टमर केयर का प्रतिनिधि बताने वाले व्यक्ति ने कहा कि आप ऐक्सिस बैंक का ऐप ओपन करके क्रेडिट लिमिट बढ़ाने के ऑप्शन पर क्लिक करके क्रेडिट लिमिट को बढ़ा सकते हैं। प्रार्थी ने क्रेडिट लिमिट बढ़ाने के ऑप्शएन पर टच किया, फिर तुरंत उसे एसएमएस से एक लिंक मिला। लिंक पर क्लिक करते ही उसके नंबर पर एक ओटीपी आया। वह ओटीपी ऑटो फिल हो गया। इसके बाद उसके अकाउंट से 1 लाख 95 हजार 500 रुपए कट गए। उसे धोखाधड़ी का अहसास होने के बाद वो तुरंत साइबर हेल्पलाइन में कॉल किया और घटना के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करा कराई।

## स्ट्रीट डॉग ने भौंका तो युवक ने बेरहमी से पीटा, सोसाइटी वालों की एफआईआर

**भिलाई।** जामुल थाना में सोसाइटी के लोगों ने एक युवक के खिलाफ स्ट्रीट डॉग को बेरहमी से मारने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि सड़क 16 सेक्टर 2 निवासी आदर्श राय (29 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह आदर्श एनीमल वेलफेयर संस्था का अध्यक्ष है। बीती रात करीब 11 बजे उसे 32 एकड हाउसिंग बोर्ड निवासी प्रतिमा सिंह ने सूचना दी कि हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ में एक स्ट्रीट डॉग को विकास सिंह रात करीब 10.30 बजे बुरी तरह से मार रहा है। पड़ोस में रहने वाली गरिमा ने उसका वीडियो भी बनाया। इसके बाद वो लोग जामुल थाने पहुंचे । मारपीट के दौरान एक महिला ने जो वीडियो बनाया था उसे पुलिस को दिया। इसके बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ एनीमल वेलफेयर संस्था की शिकायत पर धारा 325 बीएनएस एवं पशु क्रुरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# सीएम से मिला बीएमएस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मुख्यमंत्री से मिल कर भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों ने श्रमिक एवं कर्मचारियों की समस्यायों से उन्हें अवगत कराया और शीघ्र निराकरण किये जाने हेतु समुचित निर्देश देने का अनुरोध किया है। दुर्ग जिला भारतीय मजदूर संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष रवि चौधरी तथा स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष शरद दुबे के नेतृत्व में निर्माणी संघ के महामंत्री देवेंद्र चन्द्राकार, वरिष्ठ नागरिक मंच के नलनीश मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष रामवृक्ष यादव,भिलाई निगम कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष शशिभूषण मोहंती, ने मांग रखी जिसमें वर्तमान सेट अप में संशोधन कर कर्मचारी के पदोन्नति किया जाए। ,घोषणा पत्र के अनुसार शेष बचे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित , चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि में मध्यप्रदेश के तर्ज़ पर 105 रूपया प्रति व्यक्ति के मान से लागू किया जाए। , केंद्र सरकार द्वारा घोषित महंगाई भत्ता शीघ्र लागू करने, दैनिक वेतनभोगी की सेवाकाल को पेंशन में गणना किये जाने आदि शामिल है।

## दुर्ग सांसद विजय बघेल ने महोत्सव को लेकर किया सांसद ट्राफी का अनावरण

# सांसद खेल महोत्सव में दुर्ग संभाग से भाग लेंगे 4.80 लाख खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देशभर में शुरू होने जा रहे सांसद खेल महोत्सव को लेकर दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल ने सभी के साथ जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को लेकर दुर्ग संभाग में अलग ही उत्साह का माहौल है। 4 लाख 80 हजार खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन के साथ पूरे देश में दुर्ग लोकसभा सबसे पहले स्थान पर है।

सांसद विजय बघेल ने यह जानकारी खिलाड़ियों के साथ ही आयोजन से जुड़े सभी लोगों से साझा की। उन्होंने इस मौके पर सांसद ट्राफी का अनावरण किया और पूरे लोकसभा के लोगों को इस खेल महोत्सव में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। भिलाई में हुए इस ट्राफी अनावरण समारोह में विधायक रिकेश सेन, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, विधायक ललीत चंद्राकर से लेकर बेमेतरा की जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी ने अपने-अपने विधानसभा के खिलाड़ियों की बेहतर परफार्मेंस के बारे में बताया और इस ट्राफी को अपने-अपने विधानसभा के लिए जीतने का दावा किया। सांसद बघेल ने सभी के साथ मिलकर दुर्ग लोकसभा को पूरे देश में अव्वल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने बताया कि जिस तरह पूरे देश की लोकसभाओं में खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन की संख्या का अपडेट पीएमओ से मिला है, उसमें दुर्ग लोकसभा पूरे देश में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि यह स्पर्धा चार चरणों में आयोजित की जाएगी। इसमें बच्चों से लेकर महिलाओं, बुजुर्गों तक को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। उन्होंने सभी से अपील भी की, कि वे इस खेल महोत्सव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और अपना टैलेंट दिखाएं। सांसद बघेल ने बताया कि जिस तरह अब तक दुर्ग लोकसभा खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन में सबसे आगे हैं उसी तरह 25 दिसंबर को इसके समापन अवसर पर भी दुर्ग लोकसभा का जयंती स्टेडियम भिलाई में भव्य समारोह होगा जो देश में सबसे भव्य होगा।





online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02

एआई बेस्ड मैनीक्वीन से फार्मेसी छात्रों को दी जाएगी पेशेंट काउंसलिंग की ट्रेनिंग, होगा प्रैक्टिकल नॉलेज

## लाइव इवेंट

### रंगोली और रील प्रतियोगिता में दिखी वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ रचनात्मकता



**भिलाई।** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई के सूक्ष्मजैविकी और जैवतंत्रज्ञान विभाग द्वारा माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से बायोरिमेडिएशन और माइक्रोस्कोपी विषय पर रंगोली एवं रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में प्रो कुमुद कुमार और एसोसिएट प्रोफेसर जया सोनेकर शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद नर्सिंग कॉलेज जुनवानी भिलाई से उपस्थित रहे। जिन्होंने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिव्यक्ति और रचनात्मकता की सराहना की।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम हर्षिता सोनी बीससी बायोटेक्नोलॉजी तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान शृष्टि मिश्रा बीएससी बायोलॉजी तृतीय सेमेस्टर और तृतीय स्थान भूमिका पांडे बीएससी माइक्रोबायोलॉजी तृतीय सेमेस्टर को प्राप्त हुआ। रील प्रतियोगिता में प्रथम वर्षा और द्वितीय आमीन अनूप देशपांडे एमएससी माइक्रोबायोलॉजी प्रथम सेमेस्टर को प्राप्त हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की सह.पाठ्यक्रमीय वैज्ञानिक गतिविधियां विद्यार्थियों की सृजनात्मकता को निखारने के साथ-साथ उनके वैज्ञानिक ज्ञान को भी सुदृढ़ करती हैं। कार्यक्रम के दौरान माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रमुख रचना तिवारी, वैभवी सहारे, लालिमा कुंभकार और मानसी बुट्टे सहित सभी प्रोफेसर मौजूद रहे। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## सिटी इवेंट

### त्योहारी सीजन में व्यापारियों और ग्राहकों को होगी सुविधा, बाजारों में बढ़ेगी सुरक्षा



**भिलाई।** अक्टूबर से दिसबंर तक सभी जाति और धर्मो के लोगो के तीज त्यौहार आने वाले है। जिसके लिए बाजार सज चुके है। करवाचौथ, सोने चांदी के खरीदी का विशेष दिन पुष्य नक्षत्र फिर धनतेरस और दिवाली सहित कई बड़े-छोटे पर्व पर खरीदी के लिए लोगो का हूजूम बाजार में उमड़ेगा। इस दौरान दुकानदारों और खरीददारों को असुविधा से बचाने कई सुरक्षा के इंतजाम जरुरी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों के समूह ने पुलिस विभाग से मिलकर सुरक्षा की मांग रखी।

- बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चेम्बर पदाधिकारियों ने की मुलाकात

चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भिलाई के पदाधिकारी आज दुर्ग आई जी और एस पी से मिले। त्योहारी सीजन के दौरान बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पदाधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग रखी। चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने व्यापारियों की ओर से बाजारों में बंदूकधारी पुलिस बल की तैनाती, नियमित पुलिस गश्त और ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की। उन्होंने कहा कि त्योहारी माहौल में उपभोक्ता और व्यापारी दोनों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। आई जी और एस पी ने चेम्बर प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सभी प्रमुख बाजारों में बंदूकधारी पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा समय-समय पर पुलिस मार्च भी कराया जाएगा, ताकि बाजारों में सुरक्षा और शांति का माहौल बना रहे।

चेम्बर पदाधिकारियों ने प्रशासन के इस सकारात्मक रुख के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि व्यापारियों व उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए चेम्बर हमेशा प्रशासन के साथ मिलकर काम करता रहेगा।

मुख्य रूप से अजय भसीन के साथ दिलीप केसरवानी, सुमन कन्नौजे, मनोहर कृष्णानी, सुनील मिश्रा, अखराज ओस्तवाल, विनय सिंह, निरंकार सिंह, शंकर सचदेव सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## देश राग महोत्सव 2025 में अन्य प्रदेशों से पहुंच रहे कलाकार, 150 बच्चों की शानदार प्रस्तुति

# शास्त्रीय नृत्य की भावभंगिमाओं ने किया आकर्षित, तबला और बांसुरी की धुन से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक, देशभक्ति गीतों ने भरा जोश



भिलाई। भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, मोहिनी अट्टम में हाथों की विभिन्न मुद्राओं के साथ ही आंखों और चेहरों की भावभंगिमाओं से सुरों के संग ताल से ताल मिलाते हुए शास्त्रीय नृत्य की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। जहां बच्चों ने आकर्षक नृत्यों से खूब वाहवाही लूटी, तो वहीं देश प्रेम की भावना को प्रदर्शित करते हुए सुमधुर आवाज में देश भक्ति के गीतों से पूरा सभागार भारत माता की जय के जयकारों से गूंज उठा। अवसर था देश राग महोत्सव 2025 के आयोजन का। जिसमें रोज सभी आयु वर्गो के कलाकार एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति दे रहे है। एसनजी विद्या भवन सेक्टर-4 में 12 अक्टूबर तक नृत्यधाम कला समिति द्वारा देश राग महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें आसपास सहित अन्य प्रदेशों से कलाकार विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्श कर रहे है। बुधवार को नृत्य, संगीत, वाद्य, चित्रकला और चित्रकारी प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी नयनाभिराम प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।बुधवार को एकल और सामूहिक देश भक्ति गीतों से सभागार गूंज उठा। साथ ही तबला और बांसूरी की सुमधुर सुर और तान ने निर्णायकों को अचंभित कर दिया। मंच पर भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, मोहिनी अट्टम, तबला वादन और गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में करीब 150 बच्चों ने भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, मोहिनी अट्टम, तबला वादन और गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।





### यह रहे विजेता

नृत्य गुरु डॉ. राखी रॉय ने बताया कि प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में विजेताओं का चयन किया गया। लोक संगीत सब जूनियर ग्रुप में रॉयल गोंडवाने पब्लिक स्कूल नागपुर, देशभक्ति गीत जूनियर ग्रुप में नारायण टेक्नो स्कूल रायपुर, लावणी ओपन में कशिश खान, तबला जूनियर ग्रुप में राज जायसवाल, कुचिपुड़ी जूनियर ग्रुप में आर्या तिवारी, लोक संगीत सब जूनियर ग्रुप में दिक्षा रतेरिया, भरतनाट्यम सीनियर ग्रुप में शरनी देवांगन और सेमी क्लासिकल सब जूनियर ग्रुप में अद्रिजा दत्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के उत्साह और अभिभावकों की मौजूदगी ने माहौल को जीवंत बना दिया। प्रतियोगिता का समापन 12 अक्टूबर को किया जाएगा।









## वाल्मीकि केवल एक कवि नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति के दार्शनिक और समाज सुधारक थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में संस्कृत विभाग एवं योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण से हुआ।

मुख्य वक्ता एवं आचार्य कमल नारायण ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने भगवान श्रीराम को हविर्भुजा कहा है अर्थात जो हवन किए बिना भोजन ग्रहण नहीं करते थे। उन्होंने बताया कि वाल्मीकि केवल एक कवि नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति के दार्शनिक और समाज सुधारक थे, जिन्होंने रामायण के माध्यम से मर्यादा, आदर्श और धर्म की परिभाषा को युगों-युगों तक जीवित रखा।कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं जिनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर संस्कृत विभाग द्वारा पूजा पद्धति एवं संस्कार



प्रशिक्षण प्रमाण पत्रीय पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा योग विभाग द्वारा योग विज्ञान पर प्रमाण पत्रीय पाठ्यक्रम आरंभ किया गया। इस अवसर पर आचार्य कमल नारायण ने यज्ञ के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को यज्ञ करने की विधि भी बताई। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अभिनेष सुराना, डॉ के पद्मावती, डॉ ज्योतिधारकर, डॉ अम्बरीष त्रिपाठी, अनुराग मिश्रा, तरुण कुमार साहू, निखिल देशलहरा, डॉ शारदा सिंह एवं डॉ लता गोस्वामी उपस्थित रहे।

## साहू सभा के अध्यक्ष बने खेदराम और महिला उपाध्यक्ष रंजना

भिलाई। साहू मित्र सभा भिलाई नगर के त्रिवर्षीय चुनाव में खेदराम साहू एक बार फिर से अध्यक्ष चुने गए। साहू मित्र सभा भिलाई नगर में एक पद अध्यक्ष, दो पद उपाध्यक्ष और संगठन सचिव के दो पद पर चुनाव हुआ। चुनाव में 690 में से 307 मत खेदराम साहू को मिले। उपाध्यक्ष पद में परसराम साहू निर्वाचित हुए। महिला उपाध्यक्ष रंजना साहू बनी। संगठन सचिव पद के लिए हीरा शंकर चुने गए। संगठन सचिव महिला पद पर दीपेश्वरी साहू निर्वाचित हुई। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यकाल आगामी तीन वर्ष के लिए होगा। साहू मित्र सभा में शांतिपूर्ण और सौहाद्रपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने मां कर्मा मंदिर में कर्मा माता का पूजा-अर्चना कर उनके प्रशस्त मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा का संकल्प लिया। चुनाव में मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमोलदास साहू और सहायक उपेंद्र साहू, उन्मेष साहू थे।



## बाजार हुए गुलजार, महिलाओं में उत्साह,पार्लर में मेकअप के लिए हो रही है प्री बुकिंग

# इस बार करवाचौथ पर ट्रेडिशनल सिल्क व रेडी टू वियर साड़ी महिलाओं की पहली पसंद

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** करवाचौथ पर्व के नजदीक आते ही महिलाओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। महिलाएं बाजारों में जमकर खरीदारी कर रही है। सुहागिन महिलाओं का पसंदीदा पर्व करवाचौथ 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा। अपने पति के लंबी उमर व उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए रखे जाने व्रत को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह रहता है। महिलाएं इस व्रत के दिन सुबह सरगी के साथ व्रत प्रारंभ कर दिन भर निर्जला व्रत रखकर शाम को चंद्र दर्शन कर व्रत का पारण करती है। इस दिन सोलह श्रृंगार के साथ महिलाएं खुद को सबसे खूबसूरत दिखाने के लिए कोई कसर नही छोड़ना चाहती है। जिसके लिए पार्लर से लेकर बुटिक एवं फैंसी ज्वैलरी शॉप से लेकर पूजा पाठ के दुकानों में भीड़ लगी हुई है। पार्लर में इस बार नो मेकअप लुक और कस्टमाइज्ड हेयर एंड स्कीन केयर साथ ही बुटिक में ट्रेडिशनल सिल्क साड़ी व एथनिक ज्वैलरी ऑन डिमांड है।

### पंजाबी चूड़े व पाटला कड़े है ऑन डिमांड

सेक्टर 6 ए मार्केट फैंसी स्टोर के संचालकने बताया कि करवाचौथ पर इस बार पंजाबी चुड़े, पाटला कड़ा व कुंदन की चुड़ीयां व कड़े ऑन डिमांड है। साथ ही हैदराबादी कुंदन चुड़ियां, ब्लैक मेटल, घूंघरु वाले कंगन, कलर फुल मेटल नेकलेस, आक्सीडाईज व एंटीक ज्वैलरी काफी ट्रेंड में है। लेकिन तीज व करवाचौथ जैसे विशेष पर्व व त्यौहारों में रोज गोल्ड, एडी ज्वैलरी सेट, कुंदन व अमेरिकन ज्वैलरी सेट की काफी डिमांड है।



### कस्टमाइज्ड हेयर और स्कीन केयर का क्रेज

एनएस ब्यूटी एकेडमी जुनवानी की संचालिका नीतू सिंह ने बताया कि करवाचौथ के लिए महिलाओं में उत्साह हमेशा से रहा है। बीते कुछ साल पहले तक महिलाएं घर पर ही तैयार होती थी और नई नवेली बहुए पार्लर में हैवी मेकअप कराने आती थी। लेकिन इस बार दो पेटर्न ऑन डिमांडिंग है पहला नो मेकअप लुक यानी ऐसा मेकअप जो फेस पर अच्छे से किया भी जाय और लाउड मेकअप दिखे भी न। दूसरा कस्टमाइज्ड हेयर एंड स्कीन केयर जिसमें पर्टीकुलर एक ब्रांड के ही नही बल्कि क्लाइंट के स्कीन व हेयर टाइप के अनुसार विभिन्न कंपनी के प्रोडक्ट प्रयोग किये जाते है जिसका रिजल्ट काफी अच्छा आता है इसलिए महिलाओं में नो मेकअप लुक और कस्टमाइज्ड हेयर एंड स्कीन केयर की डिमांड है।

### महिलाओ को लुभा रही सिल्क साड़ी व एथनिक ज्वैलरी

संस्कार बुटिक सेक्टर 7 की संचालिका प्रभा गुप्ता ने बताया कि पंजाब सहित उत्तर भारतीय महिलाओं का प्रिय पर्व करवाचौथ अब लगभग सभी कास्ट की सुहागिने अपनी पति की दीर्घायु की कामना के साथ रखने लगी है। दो साल पहले तक करवाचौथ पर महिलाएं इंडो वेस्टर्न व फैशनेबल ड्रेस कैरी करती थी लेकिन इस बार महिलाओं की पंसद एक बार फिर से पूरी तरह ट्रेडिशनल लुक बन गया है जिसके लिए इस बार ट्रेडिशनल साड़ियों में खासकर सिल्क व रेडी टू वियर साड़ी के साथ महिलाएं एथनिक ज्वैलरी की काफी डिमांड कर रही है।



## सिटी इवेंट

### बेहतर मुकाम हासिल करने बच्चों को मिली सीख, हुई अंग्रेजी में भाषण प्रतियोगिता



**भिलाई।** मुस्लिम समाज भिलाई-तीन की पहल पर बच्चों को अंग्रेजी में दक्ष करने पहल की गई। इसके अंतर्गत सैय्यदी मदरसा एकता नगर में अंग्रेजी में सार्वजनिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और अंग्रेजी में अपने दिए गए विषयों पर बात रखी।

यहां मदरसा पूरी तरह डिजिटलाइज किया गया है और इस डिजिटल प्लेटफार्म पर बच्चो केलिए स्कूली पाठ्यक्रम की कोचिंग, स्किल डेवलपमेंट,स्पोकन इंग्लिश, गेम्स, बेसिक कंप्यूटर कोर्स और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हर साल कराई जाती है। इसी कड़ी में स्पोकन इंग्लिश क्लासेस लगाई गई। जिसमें सलीम अहमद खान ने इंग्लिश ग्रामर और रूमैशा अहमद ने स्पोकन इंग्लिश और प्रेजेंटेशन की क्लास ली। आखिरी दिन सार्वजनिक भाषण प्रतियोगिता रखी गई। इस दौरान जिसमें भिलाई स्टील प्लांट से रिटायर शेख शादी, डॉ नौशाद सिद्दीकी, इंजीनियर सरफराज नवाज और फैशन डिजाइनर इमरान अहमद व कमेटी के मेंबर मौजूद थे। सभी ने समाज के लिए तालीम की अहमियत पर बात रखी और तालीम से समाज में बेहतर मकाम हासिल करने और समाज को आगे बढ़ाने सीख दी। सरफराज नवाज ने विजेताओं के नाम घोषित किये। जिसमें पहला फरहत परवीन, दूसरा शगुफ्ता परवीन, तीसरा अनम हक, चौथा अब्दुल रूहान, पांचवा आबिदा कौसर, छठवां आदिल हुसैन, सातवां गौसिया फातिमा और आठवां कहकशा बानों रहीं। सभी बच्चों को ट्रॉफी और मोमेंटो देकर उनका हौसला अफजाई की गई। इस दौरान कमेटी के सदर रुस्तम खान, सेक्रेटरी नसीम खान, कैशियर रईस अहमद एवं सदस्य तौहीद खान,अजहर खान,अबुल हसन और अब्दुल हुसैन सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद थे।

■ अंग्रेजी में सार्वजनिक भाषण प्रतियोगिता हुई सैय्यदी मदरसा भिलाई-तीन में



## सिटी लाइव

### सौ घंटे के योग प्रशिक्षण के साथ दे रहे आयुर्वेद , दर्शन और वेद का परिचय



**भिलाई।** पतंजलि परिवार, दुर्ग की ओर से 25 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण जारी है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड पर दुर्ग-भिलाई के 4 प्रमुख स्थानों पर इस प्रशिक्षण के अंतर्गत न सिर्फ योग बल्कि आयुर्वेद , दर्शन व वेद की भी जानकारी दी जा रही है। पतंजलि परिवार की ओर से दुर्ग जिला प्रभारी नरेंद्र पटेल ने बताया कि ऑनलाइन मोड पर 17 सितंबर से यह प्रशिक्षण शुरु हो चुका है। वहीं ऑफलाइन मोड पर गायत्री मंदिर रामनगर,इस्पात क्लब सेक्टर-7 भिलाई, गजानंद मंदिर आर्य नगर दुर्ग और एचएससीएल कालोनी रूआबांधा में प्रशिक्षण जारी है। ऑफ लाइन प्रशिक्षण का समय सुबह 6 से साढ़े बजे रखा गया है। नरेंद्र पटेल ने बताया कि यह 25 दिवसीय प्रशिक्षण 100 घंटे का है, जिसमें प्रैक्टिकल और थ्योरेटिकल दोनों तरह के अध्ययन कराए जा रहे हैं। इसके पश्चात 1 घंटे की परीक्षा होगी, जिसे उत्तीर्ण करने वाले साथी को पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार द्वारा सहयोग शिक्षक प्रशिक्षित का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अंतर्गत यहां योग व आयुर्वेद का पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसमें दर्शन, वेद और उपनिषद के विषय में भी परिचय दिया जा रहा है। वही योग एक्यूप्रेशर जड़ी बूटी और घरेलू उपचार का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां से प्रशिक्षण लेने के उपरांत हरिद्वार शिविर में निशुल्क भागीदारी का अवसर मिलेगा और योग शिक्षक बनने पर रोजगार का अवसर भी मिलेगा। यहां प्रशिक्षकों में गायत्री मंदिर रामनगर में तिजऊ राम साहू, इस्पात क्लब सेक्टर 7 में जे आर बिसेन, टी आर सोनी एवं श्री वर्मा, शिव मंदिर एचसीएल कॉलोनी, रूआबांधा में आर.पी.शर्मा एवं राजेश तिवारी, गजानन मंदिर उद्यान गजानन नगर, दुर्ग में उद्धव राम साहू, अभय खनंग, संदीप गुप्ता और दिनेश मिश्रा प्रशिक्षण दे रहे हैं। श्री पटेल ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य योग शिक्षकों को प्रशिक्षित करना और उन्हें योग के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

■ दुर्ग-भिलाई के 4 स्थानों पर पतंजलि परिवार का 25 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण जारी



● रूंगटा यूनिवर्सिटी में पहली बार फार्मेसी छात्रों को दी जाएगी पेशेंट काउंसलिंग की ट्रेनिंग

# एआई बेस्ड मैनीक्वीन से फार्मेसी छात्रों को दी जाएगी पेशेंट काउंसलिंग की ट्रेनिंग, होगा प्रैक्टिकल नॉलेज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के फार्मेसी छात्र ड्रग डिलीवरी, दवाई का प्रभाव और पेशेंट की काउंसलिंग अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की मदद से सीखेंगे। इसके लिए रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी में इस साल से फार्मेसी के विद्यार्थियों को एआई मैनीक्वीन मॉडल के जरिए प्रैक्टिकल नॉलेज दिया जाएगा। जिस तरह मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस के छात्रों को शरीर की संरचनाओं को समझाने के लिए शवों का डिसेक्शन (डेड बॉडी एक्सपीरिमेंट) कराया जाता है। ठीक वैसी ही ट्रेनिंग फार्मेसी के छात्रों को भी मिलेगी। यहां इसके लिए एआई बेस्ड मैनीक्वीन मॉडल इस्तेमाल होगा। यह मॉडल बिल्कुल मानव शरीर की तरह होगा, जो ड्रग डिलीवरी के सटीक रिजल्ट देने में सक्षम है। फार्मेसी के छात्र इस मॉडल के साथ रियल काउंसलिंग सेशन कर सकेंगे। इसे दवाई देने पर मैनीक्वीन में क्या क्या बदलाव हो रहा है, उसे स्क्रीन पर तुंरत देखा जा सकेगा। छात्र पेशेंट की हार्टबीट की जांच से लेकर बॉडी टेम्प्रेचर जैसे हर पहलू को प्रैक्टिकल करके सीखेंगे। बीमारी के दौरान शरीर कैसे रिएक्ट करता है, यह भी एआई मैनीक्वीन समझा देगी।



### मैनीक्वीन से सीखेंगे पेशेंट काउंसलिंग

यह मॉडल पूरी तरह से वॉइस असिस्टेंट की तरह काम करेगा, जो छात्रों को खुद बताएगा कि, उसके शरीर में क्या समस्या आ रही है, बॉडी के अंदर क्या चल रहा है और इसके लिए शुरुआती ट्रीटमेंट या दवा क्या होनी चाहिए। इस एआई मैनीक्वीन को रूंगटा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी की फैकल्टी डॉ. पराग जैन ने विकसित किया है, जिसमें रूंगटा ग्रुप के डायरेक्टर आरएंडडी डॉ. एजाजुद्दीन का सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि, यह मैनीक्वीन हूबहू इंसानों की तरह है, जिसे कई सारे सेंसर्स की मदद से तैयार किया गया है। जिस तरह इंसान का दिल धड़कता है, ठीक वैसे ही इस मैनीक्वीन में लगाया सिस्टम की पंप करता है, जिसे विद्यार्थियों की ट्रेनिंग के दौरान कम या अधिक करके उन्हें हार्ट फंक्शन के बारे में समझाया जा सकता है।

### मैनीक्वीन के लिए मिली सरकारी मदद

डॉ. पराग जैन ने बताया कि, वे इसे एक स्टार्टअप की तरह से तैयार कर रहे हैं जिसे अन्य फार्मेसी कॉलेजों को भी दिया जा सकता है। इस एआई मैनीक्वीन को तैयार करने के लिए भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय ने 14.82 लाख रुपए की शुरुआती फंडिंग भी जारी की है। स्टार्टअप के इस प्रोडक्ट को लेकर ट्रेडमार्क और कंपनी रजिस्ट्रेशन करा लिया गया है। इसके अलावा प्रोडक्ट की पेंटेंट के लिए भेजा गया है। दरअसल, फार्मेसी की पढ़ाई के दौरान पेशेंट काउंसलिंग कोर्स का हिस्सा है, जिससे फार्मा छात्र मेडिकल की शुरुआती समझ हासिल करते हैं। आमतौर पर मेडिकल रिसर्च या ट्रेनिंग के लिए जीवित व्यक्ति का इस्तेमाल नहीं किया जाता है, ऐसे में यह एआई मैनीक्वीन बेहद फायदेमंद साबित होगा। फार्मेसी के छात्र इससे पल्स रेट मैपिंग, सलाइन चढ़ाना और इंजेक्शन लगाने का सही तरीका भी सीखेंगे।

### फीड किया जा रहा डाटा

रूंगटा स्कूल ऑफ फार्मेसी की डायरेक्टर डॉ. मधुलिका प्रधान ने बताया कि, यह एआई मैनीक्वीन मॉडल फार्मेसी के छात्रों को मानव शरीर की संरचना और उसके अंगों की गहराई से समझ प्रदान करता है। उन्हें क्लिनिकल स्किल्स में भी महारत हासिल होगी। इस मॉडल की ट्रेनिंग के तौर पर इसमें लाखों तरह का डाटा फीड किया जा रहा है। दरअसल, फार्मेसी के सिलेबस में छात्रों को पेशेंट काउंसलिंग और ड्रग डिलीवरी सिस्टम जैसे कोर्स कंटेंट पढ़ाने होते है, जिसे अकसर थ्योरी में पढ़ाया जाता है, लेकिन इस पहल के बाद छात्र इसे सामने होते हुए लाइव देखेंगे। उनको ऐसा लगेगा जैसे वे किसी व्यक्ति के साथ बैठकर अपनी रिसर्च कर रहे हैं।

### काउंसलिंग की शुरुआत 13 से होगी

प्रदेश के फार्मेसी कॉलेजों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग का आगाज 13 अक्टूबर से होगा। इसमें बी.फार्मेसी, डी.फार्मेसी और एम.फार्मेसी के विद्यार्थी शामिल होंगे। पहले चरण की काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन 18 अक्टूबर तक भरे जाएंगे। इससे पहली मेरिट सूची का प्रकाशन 24 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके बाद 25 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति के लिए समय दिया जाएगा। प्रथम चरण की सीटों का आवंटन 29 अक्टूबर को होगा। जिन विद्यार्थियों को सीट आवंटित हो जाएगी, उनको 30 अक्टूबर से लेकर 4 नवंबर तक कॉलेज पहुंचकर एडमिशन लेना होगा। दूसरे चरण की शुरुआत 7 नवंबर से होगी और 10 नवंबर तक आवेदन करने होंगे। दूसरी मेरिट सूची 12 नवंबर को आएगी। विद्यार्थी 13 नवंबर तक दावा-आपत्ति करेंगे। फिर 15 नवंबर को सीटों का आवंटन होगा। आवंटन सूची में शामिल विद्यार्थियों को 16 से 19 नवंबर तक तय कॉलेजों में जाकर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

## कार्यशाला आयोजित

# आपदा प्रबंधन के लिए तैयार रहना हम सबका है दायित्व : ताम्रकार



**दुर्ग।** आपदा प्रबंधन के लिए तैयार रहना हम सबका दायित्व है। हम सभी को प्राकृतिक अथवा कृत्रिम आपदा के समय स्वयं की रक्षा के साथ-साथ आसपास के लोगों के सुरक्षा का भी दायित्व बोध होना चाहिए। ये उद्गार भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारी स्वतंत्र ताम्रकार ने शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में व्यक्त किये। श्री ताम्रकार लायंस क्लब दुर्ग विजन एवं साईंस कालेज के भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं लायंस क्लब के पदाधिकारियों मौजूद थे। श्री ताम्रकार ने कहा कि शासन द्वारा विपत्ति के समय घोषित डायल नंबर 112 का हम सभी को विशेषकर महिलाओं को इसका महत्व समझना चाहिए। यह एक त्वरित सेवा है, जिसके माध्यम से पुलिस एवं प्रशासन प्रभावित नागरिक के पास तत्काल पहुंच सकता है। कार्यक्रम के आरंभ में भूगर्भशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन पर सर्टिफिकेट कोर्स आरंभ किया गया है। एमएससी भूगर्भशास्त्र की छात्रा कु. छवि परमार, जयति एवं लोकेश्वरी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने माता सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। लायंस क्लब विजन दुर्ग की डॉ. रूचि सक्सेना कार्यक्रम का संचालन करते हुए लायंस क्लब द्वारा मनाये जा रहे सेवा सप्ताह तथा आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत करने वालों में लायंस क्लब दुर्ग विजन के अध्यक्ष आरके वर्मा, पीबी सक्सेना, डॉ. रूचि सक्सेना शामिल थीं। इस अवसर पर लायंस क्लब की सदस्य मीनाक्षी अग्रवाल, विनती अग्रवाल, दुर्गेश नंदिनी दुबे, सुनंदा स्वामी, विभा गुप्ता, राजलक्ष्मी तिवारी सहित बड़ी संख्या में लायंस क्लब दुर्ग विजन के सदस्य उपस्थित थे।

## बताया संगोष्ठी के उद्देश्यों को

# कॉलेज स्टूडेंट ने बौद्धिक संपदा अधिकार के कानूनी पहलुओं को विस्तार से समझा



**भिलाई।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर में बौद्धिक संपदा अधिकार सतत विकास के लिए नवाचारों को सशक्त बनाने और रचनात्मकता की रक्षा विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 7 और 8 अक्टूबर को किया गया। प्रधानमंत्री उषा योजना द्वारा वित्त पोषित इस संगोष्ठी के पहले दिन, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे मुख्य अतिथि थे। संगोष्ठी की संयोजक डॉ. नीता डेनियल ने संगोष्ठी के उद्देश्यों को बताया। प्रधानमंत्री उषा समन्वयक डॉ. संजय कुमार दास ने उपस्थित लोगों को इस निधि के लिए कॉलेज के चयन की प्रक्रिया की जानकारी दी। संरक्षक डॉ. अलका मेश्राम ने महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री उषा निधि के महत्व पर बल दिया। डॉ. अमित दुबे ने नवाचारों के अर्थ पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार रचनात्मकता और मौलिक सोच सरल विचारों को प्रभावशाली समाधान में बदल सकती है। उन्होंने बौद्धिक संपदा अधिकारों के कानूनी पहलुओं पर जानकारी दी। छात्रों द्वारा बी.एससी. अंतिम वर्ष से साक्षी गुप्ता, अक्षय शिंदे और अमित कुमार साहू तथा एम.एससी. रसायन विज्ञान से मयंक, अमित स्वर्णकार और विजय लक्ष्मी यदु ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. अवधेश कुमार श्रीवास्तव, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान ने की।

**वैशाली नगर में बौद्धिक संपदा अधिकार पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन**

## सिख पंथ के चौथे गुरु रामदास महाराज का हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा में मनाया प्रकाश पर्व

कार्नर न्यूज

# स्त्री सत्संग जत्थे ने किया भावपूर्ण शब्द कीर्तन, गुरु रामदास के प्रकाश पर्व पर संगत ने छके लंगर, हुए सेवा कार्य

**भिलाई।** सिख पंथ के चौथे गुरु रामदास महाराज का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हाउसिंग बोर्ड एवं स्त्री सत्संग जत्थे द्वारा बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दुर्ग-भिलाई की स्त्री सत्संग जत्थे द्वारा भावपूर्ण शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद हजूरी कीर्तनीयों ने गुरुबाणी कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया और गुरु घर के वजीर भाई गुरमीत सिंह द्वारा कथा श्रवण कराई गई। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई-दुर्ग के अध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह चहल और महासचिव गुरुनाम सिंह ने हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा की नव-निर्वाचित प्रबंधक कमेटी की घोषणा की तथा सभी सदस्यों को सरोपा देकर सम्मानित किया। इसी अवसर पर सिख यूथ सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू और कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह को समाज सेवा और जनहित में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए सरोपा देकर सम्मानित किया गया।



### मेधावी बच्चों को दी छात्रवृत्ति



प्रकाश पर्व के अवसर पर यूथ सिख सेवा समिति भिलाई द्वारा लगभग एक लाख साढ़े तेईस हजार की छात्रवृत्ति आठ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रदान की गई। जिसमें महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय के 2 बच्चों को 9,230 के चेक, मां शारदा पब्लिक स्कूल की छात्रा को 25 हजार, श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस एमबीए की छात्रा को 20 हजार, मार बेसलेस विद्या भवन के 2 विद्यार्थियों को साढ़े आठ हजार और ग्यारह हजार, गुरु नानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा को तेईस हजार, भिलाई नायर समाजम स्कूल की छात्रा को 26 हजार का चेक देकर पढ़ाई कर शिक्षित समाज का निर्माण करने प्रोत्साहित किया गया। इसके पश्चात सिख पंचायत एवं यूथ सिख सेवा समिति के सभी सदस्यों का सरोपा देकर सम्मान किया गया।

### गुरु का अटूट लंगर ग्रहण किया

गुरुद्वारा हाउसिंग बोर्ड के प्रधान सरदार जसवीर सिंह सैनी ने सभी आई हुई संगत का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर गुरु का अटूट लंगर ग्रहण किया। इस अवसर पर सिख पंचायत एवं यूथ सिख सेवा समिति के प्रमुख पलविंदर सिंह रंधावा, बलविंदर सिंह, बलदेव सिंह, बलविंदर सिंह काला, हरपाल सिंह, हरनेक सिंह सैनी, जसवंत सिंह सैनी, हरपाल सिंह, हरजिंदर सिंह, सर्वजीत कौर, कुलवंत कौर, सलविंदर कौर, रसपाल कौर, सविंदर कौर और संतोष कौर सदस्य उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर वुमेंस टी 20 क्रिकेट में जीत से खाता खोला छत्तीसगढ़ ने



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से सीनियर वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट बुधवार से ग्वालियर में शुरू हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच आंध्र प्रदेश टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ की विजयी शुरुवात, आंध्र प्रदेश को 9 रनों से हराया छत्तीसगढ़ ने टॉसजीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 110 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से ऐश्वर्या सिंह ने सर्वाधिक 36 रन नाबाद बनाये। उनके अतिरिक्त कृति गुप्ता ने 20 रन तथा महक नरवसे ने 18 रन बनाये। आंध्र प्रदेश टीम की ओर से सृष्टि शेखर ने 2 विकेट, शबनम तथा अनुषा ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आंध्र प्रदेश की टीम 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 101 रन ही बना सकी। आंध्र प्रदेश की ओर से स्नेहा दीप्ती ने 41 रन बनाये। उनके अतिरिक्त रंगा लक्ष्मी ने 27 रन तथा पद्मजा ने 11 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करने हुये लगातार विकेट प्राप्त किये तथा मैच पर पकड़ बनाये रखी। छत्तीसगढ़ की ओर से अदिति पनवार ने 2 विकेट प्राप्त किय। उनके अतिरिक्त प्रीति यादव, उर्मिला हरीना तथा तरन्नुम पठान ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 9 रनों से जीत लिया।

### जिला बैडमिंटन में प्रथम दौर के रोमांचक मुकाबले

**रायपुर।** रायपुर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा सप्रे शाला में आयोजित जिला सब जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा के प्रथम दौर में रोमांचक मुकाबले हुए। जिसमें बालक 15 वर्ष आयु समुह के प्रथम दौर के परिणाम राघव तिवारी ने मयंक साहू को 19-17,17-15 से, पार्था पटेल ने काव्या जगवानी को 19-17,15-11 से, राजवीर सिंह ने आरिज़ खान को 15-10,8-15,15-12 से, हंसल सेन ने काव्यांश जैन को 15-11,15-11 से, श्रेयांश मिस्त्री ने पूरब बंछोर को 15-4,15-4 से, मृत्युंजय सोनी ने अर्जुन बाफना को 15-10,11-15,15-13 से, अभिवीर ताम्रकार ने सूर्यनारायण सिंह ठाकुर को 15-12,15-13 से, मनन शर्मा ने अनस खान को 15-1,15-4 से, तारक्ष मुखर्जी ने समर्थ पटेल को 15-5,15-5 से, हर्ष देशपांडे ने जयराज सिंह भाटिया को 15-6,15-9 से, अविश सिबिश ने कार्तिकेय मिश्रा को 15-10,15-13 से हराया। बालक 17 वर्ष आयु समूह के प्रथम दौर के परिणाम देव वैष्णव ने आशीष राज को 15-6,15-4 से, आरव बंसीजा ने रुचिर वारुदकर को 15-12,17-15 से, दर्श मालिक ने ओम पांडे को 15-1,15-1 से, हिमांशु राठी ने विवेक जैन को 15-17,15-12,15-10 सेसमर्थ पटेल ने रोजित सिंह राठौर को 15-1,16-14 से,कृषि भटनागर ने विहान मॉल को 15-3,16-14 से, मयंक साहू ने देवांश गर्ग को 15-8,15-8 से हराया।



### किक बॉक्सिंग में राजधानी के खिलाड़ियों ने जीते 21 पदक

**रायपुर।** सलेम स्कूल में आयोजित एक दिवसीय अस्मिता खेलों इंडिया किक बॉक्सिंग महिला सिटी लीग में मार्शल आर्ट्स क्लब से 23 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमे 11 स्वर्ण 6 रजत 3 कांस्य पदक जीते। आयु वर्ग 10-12 बिद्या दीप – प्वाइंट फाइटिंग/ -32किग्रा स्वर्ण पदक, आयु वर्ग 13-15 इशिका छुरा–लाइट कांटेक्ट/ -37 किग्रा स्वर्ण पदक, आयु वर्ग 16-18 भावना साहू लो किक/-52किग्रा स्वर्ण पदक मुकेश्वरी नेताम लो किक/-56 किग्रा स्वर्ण पदक लालिमा साहू -लो किक/+65किग्रा स्वर्ण पदक तन्नू घीदोदे – लो किक/ -65किग्रा स्वर्ण पदक झील भारती – प्वाइंट फाइटिंग/+65किग्रा स्वर्ण पदक, आयु वर्ग +19दीप्ति साहू – लो किक/ -56किग्रा स्वर्ण पदक दामिनी ध्रुव – लो किक/ -52किग्रा स्वर्ण पदक सरोजनी पटेल लो किक/ -60किग्रा स्वर्ण पदक मंजू वर्मा लो किक/ -70किग्रा स्वर्ण पदक अन्नू देवी कंवर लो किक/ -67किग्रा स्वर्ण पदक, आयु वर्ग 10-12 ऐशिनी वर्मा – प्वाइंट फाइटिंग/ -28किग्रा रजत पदकअर्चना दीप-प्वाइंट फाइटिंग/ -47किग्रा रजत पदक ध्रुवी चौबे प्वाइंट फाइटिंग/ -37 किग्रा रजत पदक भूमिका वर्मा प्वाइंट फाइटिंग/-42किग्रा रजत पदक, आयु वर्ग 16-18 वैभवी दामा भानुशाली लो किक/-48किग्रा रजत पदकआयु वर्ग +19 प्रियंका साहू–लो किक/-48किग्रा रजत पदकआयु वर्ग 10-12 आकांक्षा ध्रुव–प्वाइंट फाइटिंग/-28किग्रा कांस्य पदक, आयु वर्ग 16-18 रंजना ध्रुव–लो किक/-44किग्रा कांस्य पदक मंजू साहू ने लो किक/-44 किग्रा में कांस्य पदक हासिल किया।



आज है वर्ल्ड साइट डे. खयाल रखिए अपनी आंखों का

# आंखों की चमक रखनी है बरकरार तो उठाएं जरूरी कदम, रोशनी के साथ निखरेगी आपकी खूबसूरती भी

आंखें ईश्वर का वरदान हैं, यही शरीर का वो हिस्सा हैं जो हमें दुनिया की खूबसूरती का एहसास कराती हैं। हालांकि समय के साथ लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण इससे संबंधित जोखिम बढ़ते जा रहे हैं। मोबाइल-कंप्यूटर्स पर अधिक समय बिताना हो या फिर डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी अंतर्निहित स्वास्थ्य स्थितियां, इन सभी के कारण आंखों की सेहत पर नकारात्मक असर देखा जा रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अंधापन और कम दृष्टि के प्रमुख कारणों में मुख्य रूप से मोतियाबिंद, मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी और ग्लूकोमा जैसी बीमारियां हैं।

आंखों से संबंधित बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में लोगों का ध्यान आकर्षित करने और बचाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल अक्तूबर माह के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड साइट डे मनाया जाता है। इस बार गुरुवार 9 अक्टूबर को यह दिन पड़ेगा। इस बार का थीम है- अपनी आंखों से प्यार करें' है, कार्यस्थल पर आंखों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।



### अच्छा आहार आंखों के लिए जरूरी

आंखों को स्वस्थ रखने के लिए सबसे जरूरी है कि आपका आहार स्वस्थ और पौष्टिक हो। थाली में कई रंगों वाली सब्जियों-फलों को दैनिक आहार का हिस्सा बनाएं। ओमेगा-3 फैटी एसिड, ल्यूटिन, जिंक और विटामिन-सी और ई जैसे पोषक तत्व मैक्यूलर डिजनरेशन और मोतियाबिंद जैसी उम्र से संबंधित दृष्टि समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, केल और कोलार्ड, फैटी फिश, अंडे, नट्स, बीन्स आदि आंखों की सेहत के लिए लाभकारी हैं।


### धूम्रपान से बिल्कुल दूरी

धूम्रपान सिर्फ फेफड़ों के लिए ही हानिकारक नहीं है, इससे आंखों की सेहत पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। अध्ययनों में धूम्रपान को मोतियाबिंद, ऑप्टिक तंत्रिका को क्षति पहुंचाने और मैक्यूलर डीजेनरेशन के खतरे को बढ़ाने वाला पाया गया है। धूम्रपान छोड़कर इस तरह के खतरे को कम किया जा सकता है। डॉक्टर कहते हैं, धूम्रपान छोड़ना आपके नियंत्रण में है जो आपकी दृष्टि को लंबे समय तक स्वस्थ बनाए रखने में मददगार हो सकता है।



### स्क्रीन टाइम को करें कम

स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताने वाले लोगों में समय के साथ आंखों से संबंधित कई तरह की बीमारियों के विकसित होने का खतरा रहता है। मोबाइल-कंप्यूटर या



टेलीविजन जैसे स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी आंखों के लिए बहुत हानिकारक हो सकती है। अमेरिकन ऑप्टोमेट्रिक एसोसिएशन इस तरह के जोखिमों को कम करने के लिए 20/20/20 नियम की सिफारिश करता है। इसमें हर 20 मिनट में कम से कम 20 फीट दूर किसी वस्तु को 20 सेकंड के लिए ध्यान से देखने की सलाह दी जाती है। पलकों को झपकाते रहना भी बहुत जरूरी है।

### नियमित रूप से कराएं आंखों की जांच

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं सभी लोगों के लिए नियमित नेत्र परीक्षण की आवश्यकता होती है, यहां तक कि छोटे बच्चों को भी। यह आपकी आंखों में होने वाली किसी भी समस्या को पहचानने और समय रहते उसे ठीक करने के लिए जरूरी है। डॉक्टर कहते हैं सभी लोगों को साल में कम से कम एक बार आंखों की जांच करानी चाहिए, यदि आंखों के रोगों की फैमिली हिस्ट्री रही है तो साल में दो बार जांच कराएं।



# इन कमियों के कारण नहीं मिलती सफलता

जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आज भी महात्मा विदुर की नीतियों का पालन किया जाता हैं। यदि विदुर नीतियों की गांठ बांध ली जाए, तो जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बरकरार रहेगी। हमारे शास्त्रों में लिखित नीतियों में कई बातों का जिक्र किया गया है जिनका हमारे दिनचर्या में भी अधिक महत्व है। इन नीतियों में मनुष्य में मौजूद कमियों का जिक्र भी किया गया है, जिस कारण वह अपना लक्ष्य प्राप्त करने में असफल हो जाता है। इन कमियों के कारण ही उसके जीवन में भी कई बाधाएं आती हैं।

### नींद की चाह

जिस इंसान को नींद व आराम करना प्रिय होता है, वह भविष्य को संवारने के अवसर गंवा देता है। दरअसल, जब भी आप सोते हैं तो आप कई सारे मौके को गंवा देते हैं। इसलिए जीवन में ज्यादा सोने वाली आदत को त्यागना हमारे लिए लाभदायक होता है। जितनी जरूरी है उतनी ही नींद लें।



### हमेशा भगवान पर निर्भर रहना

यदि आप हर काम भगवान के भरोसे करते हैं, तो यह गलत है। महात्मा विदुर कहते है कि मनुष्य अपने काम व कर्म से भगवान का भरोसा जीतने में कामयाब रहता है। इसलिए जो अपने लिए काम करता है, भगवान भी उसी का साथ देते हैं। भगवान पर विश्वास करना अच्छी बात है लेकिन उनके भरोसे पर काम छोड़ना बहुत गलत है।

### आलस्य से रहें दूर

नीति के अनुसार, अगर आपके भीतर आलस्य है तो आप कभी भी अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकते। आमतौर पर लोग अपना काम कल पर टाल देते हैं। ऐसे में मनुष्य इन सब आदतों का आदी हो जाता है और उसके नुकसान का पिटारा भर जाता है। इसलिए हमेशा आलस्य से दूर रहने की सलाह दी जाती हैं।

### अधिक फल की चाह रखने वाला

हमेशा से ही हमें सिखाया जाता है कि, कर्म करो फल की चिंता मत करो। नीति शास्त्र कहते है कि जो लोग कम मेहनत करते है और फल की चाह अधिक रखते है, उन्हें कभी भी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होती है। मनुष्य को कभी भी फल की चाह नहीं रखनी चाहिए।



# त्यौहारों पर वास्तु का रखेंगे ध्यान तो भरपूर बरसेगी उपर वाले की रहमत

हमारे देश में सबसे ज्यादा त्योहार मनाए जाते हैं, यहां विभिन्न धर्मों के लोग अपने-अपने उत्सव और पर्व को अपनी परंपरा और संस्कृति के अनुसार मनाते हैं। त्योहारों के मौसम की शुरुआत होने वाली है। वास्तु मान्यता के अनुसार त्योहार पर ऐसा कुछ नकारात्मक न करें जिससे आपकी और आपके परिवार की खुशियां फीकी पड़ जाए। शुभ फलों की वृद्धि और अशुभ फलों से बचने के लिए इन बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।



### ऐसे वस्त्रों का चयन न करें

आधुनिक युग में फटे हुए कपडे.पहनना काफी प्रचलन में हैं,लेकिन ऐसे परिधान हमारी भारतीय संस्कृति में शुभ नहीं माने जाते। धार्मिक मान्यता है कि फटे और मैले वस्त्र पहनने से व्यक्ति की शारीरिक क्षमता व सकारात्मक ऊर्जा का नाश होता हैं। ऐसे कपड़े हमारे तन-मन को शिथिल बनाकर कई प्रकार की बीमारियों को भी जन्म देते हैं। साथ ही गंदे और फटे वस्त्र दुर्भाग्य लेकर आते हैं,घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास होता हैं।

लड़ाई-झगड़ा और वाद-विवाद से बचें

त्योहार आपसी प्रेम व सद्भावना का संदेश देकर जीवन में नवचेतना का संचार करते हैं। सदैव ही कलह, वाद-विवाद से हमेशा दूर रहने का प्रयास करना चाहिए परन्तु विशेषरूप से त्योहार के दिन घर में लड़ाई-झगड़े और बहस से पूरी तरह बचना चाहिए। हो सकता है छोटी सी बहस आपके फेस्टिव मूड को बर्बाद कर दे । वास्तु की दृष्टि से देखें तो त्यौहार पर लड़ाई-झगड़ा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है जिससे आपकी उन्नति अवरुद्ध हो सकती है।

### न रखें गंदगी

त्योहार पर सफाई का उद्देश्य सिर्फ परंपरा का निर्वहन या सुख-समृद्धि के आगमन से ही नहीं है बल्कि घर में मौजूद गंदगी,धूल-मिटटी,जाले आदि से वहां की नेगेटिव एनर्जी बढ़ने लगती है जिसका बुरा असर आपके काम और मन पड़ता है।घर में रखा अनुपयोगी टूटा-फूटा सामान भी नकारात्मकता फैलाता हैं जिसकी वजह से परिवार में अशांति का माहौल बन जाता है इसलिए खासतौर पर त्यौहार के दिन घर का वातावरण स्वच्छ और सकारात्मक होना चाहिए।

# मूंग दाल का पिज्जा, हेल्थ के साथ स्वाद का डोज़ भी

पिज्जा भले ही इटली से ताल्लुक रखता है, लेकिन भारत में इसके दीवाने हजारों हैं। मास्टरशेफ पंकज भदौरिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर मूंग दाल पिज्जा की रेसिपी शेयर की है। सबसे पहले इसके लिए पीली मूंग दाल लेकर उसे साफ करके 2-3 बार धोकर भिगोने के लिए छोड़ दें। दाल को लगभग 6-8 घंटे के लिए भिगोएं, इसके बाद आपके लिए बैटर बनाना आसान होगा। 6 घंटे के बाद दाल को बिना पानी के ब्लेंडर में डालकर पीस लें। यह एक स्मूथ कंसिस्टेंसी के बैटर में तैयार होना चाहिए। इसे एक बार



चम्मच से अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब इस मैटर में नमक और दो बड़े चम्मच वेजिटेबल ऑयल डालकर अच्छी तरह से मिला लें। इसके बाद बैटर में एक पैकेट ईनो को डालकर व्हिस्कर से मिला लें। इस बैटर को लगभग 2 मिनट के लिए अलग रखें। अब टमाटर, प्याज, शिमला मिर्च (शिमला मिर्च के हैक्स) को क्यूब्स में काटकर एक प्लेट में रख लें। अगर आप इसमें कॉर्न, पनीर या अन्य कोई वेजिटेबल डालना चाहते हैं, तो वो भी तैयार करके रख सकते हैं। एक नॉन स्टिक पैन को मीडियम आंच पर गर्म कर लें। अगर आपको लगता है कि आपका बैटर इस पैन में चिपकेगा, तो बहुत हल्का तेल पैन में ब्रश कर लें। इसके बाद, एक छलनी से बैटर लेकर इसमें डालकर फैलाएं। आप इसे क्वार्टर प्लेट जितना फैला सकते हैं। आंच को धीमा करके पैन पर लिड रखें और इसे 1-2 मिनट नीचे से पकने दें। ढक्कन हटाकर इसमें पिज्जा सॉस (होममेड पिज्जा सॉस) फैला लें। ऊपर से इसमें ग्रेटेड चीज डालें। बेस को चीज से अच्छे से कवर कर लें। पिज्जा बेस के ऊपर अपनी पसंदीदा सब्जियों को फैलाएं और फिर धीमी आंच पर ढक्कन से ढककर 3-4 मिनट पकाएं। आपका घर पर बना स्वादिष्ट और हेल्दी मूंग दाल का पिज्जा तैयार है। ऊपर से चिल्ली फ्लेक्स और ओरेगेनो सप्रिंकल करके पेश करें।

कार्नर न्यूज

बच्चों में जीने का सलीका आता है रिश्तों की अहमियत समझने के बाद

# अपने बच्चों को समझाएं रिश्तों की अहमियत जीवन के लिए होगा यही सबसे अहम सबक

माता-पिता और परिवार की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को न सिर्फ रिश्तों का महत्व समझाएं बल्कि उन्हें जीने का सलीका भी सिखाएं। यहां माता पिता के लिए कुछ तरीके बताए जा रहे हैं जो वह आज के बच्चों पर अपनाकर उन्हें रिश्तों की अहमियत सिखा सकते हैं।

आज का दौर तेज है, जिसमें गैजेट्स, सोशल मीडिया और वर्चुअल कनेक्शन की दुनिया शामिल है। इस दौर के बच्चे पढ़ाई और करियर पर तो फोकस कर रहे हैं, लेकिन रिश्तों की अहमियत उनसे कहीं दूर होती जा रही है। Gen Z बच्चे ज़्यादा प्रैक्टिकल हो रहे हैं, वहीं अल्फा जेनेरेशन के बच्चे रिश्तों की मूल्यों को समझने में कच्चे हो सकते हैं। नए युग के बच्चों में भावनाओं की गहराई और रिश्तों का मूल्य पीछे छूट सकता है। ऐसे में माता-पिता और परिवार की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को न सिर्फ रिश्तों का महत्व समझाएं बल्कि उन्हें जीने का सलीका भी सिखाएं। यहां माता पिता के लिए कुछ तरीके बताए जा रहे हैं जो वह आज के बच्चों पर अपनाकर उन्हें रिश्तों की अहमियत सिखा सकते हैं।



### परिवार के साथ समय बिताना सिखाएं

बच्चों को सिर्फ दोस्तों और सोशल मीडिया तक सीमित न होने दें। उन्हें बताएं कि दादा-दादी के साथ बैठना, भाई-बहनों के साथ खेलना और परिवार के साथ भोजन करना ही असली खुशी है। जब बच्चा बचपन से परिवार के साथ घुलमिलकर रहता है तो उसे अपने परिवार से स्नेह होता है और यही रिश्तों को उनके जीवन में अहम बनाने में मदद करता है।

### त्यौहार और परंपराओं से जोड़ें

त्योहारों पर रिश्तेदारों से मिलना-जुलना, पूजा-पाठ या पारिवारिक समारोह बच्चों को "टुगेदरनेस" का असली मतलब सिखाते हैं। वह खास मौकों पर परिवार की मौजूदगी चाहते हैं।

### इमोशनल इंटेलिजेंस बढ़ाएं

बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि जिंदगी सिर्फ मार्क्स या पैसे से नहीं बनती, बल्कि रिश्तों की गहराई से खूबसूरत होती है। उनके साथ कहानियां साझा करें जो रिश्तों की मिसाल पेश करती हों।

### टेक्नोलॉजी का संतुलन

स्क्रीन टाइम को लिमिट करें और असली रिश्तों में कनेक्ट रहने की आदत डालें। उन्हें सिखाएं कि वीडियो कॉल रिश्तेदारों को देखने का साधन है, लेकिन असली अपनापन सामने बैठकर ही महसूस होता है।

### रोल मॉडल बनें

माता-पिता अगर अपने रिश्तों को महत्व देंगे, सम्मान और अपनापन दिखाएंगे, तो बच्चे खुद ही वही सीखेंगे।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एमी शूमर का नया लुक बना चर्चा का विषय, शेयर किया अनुभव



अपने बढ़े हुए वजन के बारे में अक्सर बात करने वाली अभिनेत्री एमी शूमर एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं। उनकी एक नई तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। आइए इसके बारे में जानते हैं। अभिनेत्री एमी शूमर अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। अपना वजन घटाने के बाद 44 साल की अभिनेत्री सोमवार को सड़क पर घूमने निकलीं। इस दौरान 'आई फील प्रिटी' की अभिनेत्री ने दो रंगों वाला स्वेटर और जींस पहनी थी। इसमें लग रहा था कि उन्होंने अपना वजन घटा लिया है। अपने लुक को उन्होंने सनग्लास और खुले बालों से कंपलीट किया था। एमी शूमर तब सुर्खियों में आ गईं जब उन्होंने अपने दोस्तों के साथ लास वेगास की हालिया यात्रा की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की। रविवार 5 अक्टूबर को साझा की गई तस्वीर में एमी शूमर ने निर्माता एलेक्स सैक्स और जिलियन बेल के साथ एक तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर को फैंस ने लाइक किया और इस पर कमेंट किए। एमी शूमर की तस्वीर पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा 'आप बहुत खूबसूरत और खुश लग रही हैं।' एक और यूजर ने लिखा 'आप कमाल की लग रही हैं।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'आपके पैर बहुत खूबसूरत लग रहे हैं।' कई अच्छे कमेंट देखने के बाद एमी शूमर ने अपने फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा 'मुझे बहुत अच्छा लगा। मेरे पैर आपका शुक्रिया अदा करते हैं!' आपको बता दें कि शूमर पहले भी अपने वजन की समस्या के बारे में खुलकर बात करती रही हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने पहले वजन कम करने वाली दवा खाई थी।

### टॉलीवुड

## जिनी' का पहला गाना 'आब्दी आब्दी' रिलीज, कल्याणी ने जताई खुशी




कल्याणी प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जिनी' का पहला गाना 'आब्दी आब्दी' रिलीज हो चुका है। इस गाने को लेकर अभिनेत्री ने अपनी उत्सुकता भी साझा की है। साउथ अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन अपनी आगामी फिल्म 'जिनी' के पहले गाने 'आब्दी आब्दी' के लिए बेहद उत्साहित हैं। ए.आर. रहमान द्वारा रचित गाना 'आब्दी आब्दी' रिलीज हो चुका है। इस गाने को लेकर अभिनेत्री ने एक पोस्ट भी किया है। जानिए उन्होंने क्या कहा। कल्याणी प्रियदर्शन ने 'जिनी' फिल्म का पहला गाना 'आब्दी आब्दी' रिलीज होने से पहले अपनी उत्सुकता साझा की थी। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'एक अभिनेता के तौर पर, मैं हमेशा खुद को उन चीजों के लिए प्रेरित और चुनौती देने की कोशिश करती हूं, जो मैंने पहले कभी नहीं कीं। यह गाना उन पलों में से एक था। जब हमारे निर्देशक भुवनेश ने मुझे इसके बारे में बताया, तो मैं हैरान रह गई कि उन्होंने इतनी खूबसूरती से एक व्यावसायिक संगीतमय रचना को 'जिनी' की कहानी का एक वास्तविक और महत्वपूर्ण हिस्सा कैसे बना दिया। मैं आप सभी को इसे फिल्म में देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। इसके पीछे के कारण बहुत ही ज़बरदस्त हैं। बहुत मेहनत की और कुछ नया करने की कोशिश की, और मुझे सच में उम्मीद है कि आप सभी को यह पसंद आएगा।' जयम रवि और कल्याणी प्रियदर्शन की आगामी फिल्म जिनी का निर्देशन भुवनेश अर्जुनन ने किया है। इस फिल्म में कृति शेट्टी और वामिका गब्बी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'जिनी' फिल्म का संगीत ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान ने तैयार किया है। फिल्म को लेकर काफी रोमांच बना हुआ है।

### भोजपुरी

## 'परछावन' का ट्रेलर रिलीज, झूठ के फरेब में फंसी नायिका की कहानी छू लेगी आपका दिल



नई भोजपुरी मूवी 'परछावन' का ट्रेलर यूट्यूब पर छाया हुआ है। इसमें एक लड़की की कहानी दिखाई गई है, जिसे ससुराल जाकर झटका लगता है। उसे पता चलता है कि उसके सपने चकनाचूर हो गए हैं। वो उसे जोड़ने की कोशिश करती है, लेकिन हार जाती है। इसे अब तक हजारों लोग देख चुके हैं। रितेश उपाध्याय और ऋचा दीक्षित लीड रोल में हैं। कहानी एक ऐसी लड़की की है, जिसे ऐसा ससुराल चाहिए था, जो संयुक्त हो। देवर-देवरानी, जेठ-जेठानी, सास ससुर। पर शादी करके जब वो ससुराल पहुंचती है तो सच जानकर पैरों तले जमीन खिसक जाती है। भोजपुरी फिल्म 'परछावन' फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक लड़की को उसकी सहेलियां इसलिए चिढ़ाती हैं, क्योंकि उसके नाते-रिश्तेदार नहीं है। वो लड़की अपने मां-बाप से जिद करती हैं कि उसे रिश्तों से भरपूर ससुराल चाहिए। ऐसे ही ससुराल में उसकी शादी भी होती है। पर बाद में पता चलता है कि एक ही घर में रहने वाले रिश्तों में दरार है। वो उन्हें एक करने की पूरी कोशिश भी करती है, लेकिन आखिरी में कुछ ऐसा होता है, जिससे वो सबकुछ छोड़कर भाग जाती है। क्या वो वाकई में भागती है या फिर कुछ ऐसा कर जाती है कि सारे रिश्ते जुड़ जाते हैं! ये तो फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। इस मूवी में रितेश उपाध्याय और ऋचा दीक्षित के अलावा श्रद्धा नवल, मनोज टाइगर, विनोद मिश्रा श्वेता वर्मा, संगम राय, स्वीटी सिंह हैं।




2025 के फ़ैशन ट्रेंड में इक्लेक्टिक मिनिमलिज़्म को प्राथमिकता मिली है। डिजाइनर विक्टोरिया बेकहम ने मॉडल प्रादामैट जेलोनेक,एस्ट्रोप और डेनिएल वेंचुरेली को सादगी से भरे इस कलेक्शन के साथ उतारा है। यह बिल्कुल भी उबाऊ नहीं है। आप यह जानकर हैरान रह जाएँगे कि एक हाई-नेक जैकेट, लेयर्ड स्कर्ट या ड्रेप्ड टॉप आपके मौजूदा वॉर्डरोब को कितना बेहतर बना सकता है।

## साड़ी के साथ ऐसे करें ब्लाउज को स्टाइल

साड़ी फैशन आजकल चलन में है और साड़ी के साथ मैचिंग ब्लाउज को पहना जाता है। आए दिन फैशन ट्रेंड तेजी के साथ बदल रहा है और कुछ नया मार्केट में देखने को नजर आ रहा है। ऐसे में साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है और इसे तरह-तरह से स्टाइल किया जाता है।

सेलेब्रिटी लुक की बात करें तो आजकल बहुत सी एक्ट्रेस के साड़ी डिजाइंस काफी चलन में है। कुछ स्टाइलिश ब्लाउज डिजाइंस ऐसे हैं, जिन्हें आप आसानी से पहनकर अपने साड़ी लुक को खास बना सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### टर्टल नेक ब्लाउज

अगर आप बंद गले के ब्लाउज पहनना पसंद करती हैं तो इस तरह के गले से लगे हुए टर्टल नेक ब्लाउज डिजाइन को आप पहन सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज के साथ आप स्लीवलेस बाजू बनवाएं। साथ ही आप ज्वेलरी को स्किप भी कर सकती हैं।

### ब्रालेट ब्लाउज डिजाइन

बोल्ड और मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो इस



तरह का ब्रालेट डिजाइन का ब्लाउज आपके लुक को आकर्षक बनाने में मदद करेगा। इस तरीके के हैवी वर्क वाले ब्लाउज आपको मार्केट में रेडीमेड भी आसानी से मिल जाएंगे। ऐसा पर्ल या बीड्स डिजाइन खासकर पेस्टल कलर की साड़ी के साथ खूबसूरत नजर आता है।

### राउंड नेक ब्लाउज डिजाइन

सिंपल डिजाइन वाले नेक लाइन पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके के गोल गले वाले ब्लाउज आपके लुक को खास बनाने में मदद करेंगे। इस तरीके की नेक लाइन आप सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करें। स्टाइलिंग की बात करें तो गले में हैवी स्टेटमेंट चोकर और मैचिंग इयररिंग्स को पहनें।

### स्लीवलेस ब्लाउज डिजाइन

इंडो-वेस्टर्न या मॉडर्न लुक लुक पाना चाहती हैं तो प्लेन साड़ी के साथ इस तरीके का स्लीवलेस ब्लाउज आप ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की नेकलाइन को आप साटन से लेकर शिफॉन जैसी कई लाइट वेट साड़ी के साथ कैरी कर सकती हैं।

## वेडिंग फंक्शन के लिए सिल्क साड़ी को बनाईए अपनी पसंद



साड़ी का फैशन हमेशा एवरग्रीन रहता है। इसे त्योहारों में शादी में हर कोई पहनना पसंद करता है। कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं कि जो रोजाना में भी इन्हें वियर करती हैं। लेकिन शादी के लिए कुछ अलग हटके साड़ी खरीदती हैं। इनको खरीदने का मकसद होता है। इस खास दिन पर सबसे अलग दिखना। ऐसे में आप सिल्क साड़ी के अलग-अलग ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें हर एक तरह के डिजाइन और फैब्रिक में साड़ी मिल जाएगी। इन साड़ी की खास बात ये होती है कि इन्हें स्टाइल करने से आपका लुक ही बदल जाएगा। आप एक रॉयल लुक में नजर आएंगी। इसलिए आप यहां बताए गए ऑप्शन वाली साड़ियों को इस शादी सीजन में स्टाइल कर सकती हैं।



### बनारसी सिल्क साड़ी

वेडिंग सीजन की शॉपिंग करने के लिए आप मार्केट जा रही हैं तो इसके लिए आपको बनारसी सिल्क साड़ी खरीद सकती हैं। इसमें आपको हैवी वर्क साड़ी भी मिलेगी। जिसमें आप बड़ी बूटियों वाले डिजाइन वाली साड़ी या फिर चौड़े बॉर्डर वाली साड़ी खरीद सकती हैं। इसमें आप रेड, ब्लू, पिंक और डबल शेड साड़ी खरीद सकती हैं। इसके साथ आप कट स्लीव्स ब्लाउज या फिर हाफ स्लीव्स ब्लाउज पहन सकती हैं। इस तरह की साड़ी डिजाइन आपको मार्केट में 2000 से 5000 के बीच मिल जाएगी।

### पश्मीना सिल्क साड़ी

सिल्क साड़ी में कई सारे डिजाइन आजकल मिल जाते हैं। लेकिन अगर आप अपनी दोस्त की शादी के लिए साड़ी सर्च कर रही हैं तो इसके लिए पश्मिना वर्क वाली साड़ी (शादी के लिए साड़ी डिजाइन) खरीद सकती हैं। इसमें आपको पूरी साड़ी में हैंड वर्क मिलेगा। इसमें आप सिंगल शेड वाली साड़ी भी खरीद सकती हैं और डबल या फिर चौड़े बॉर्डर वाली साड़ी ले सकती हैं। इसके साथ आप ब्लाउज डीप नेकलाइन वाली खरीद सकती हैं। मार्केट में ये साड़ी आपको 2000 से 3000 की रेंज में मिल जाएगी।

### जरी कोटा सिल्क साड़ी


जरी कोटा सिल्क साड़ी आजकल काफी ट्रेंड में हैं। आप भी इन्हें वियर कर सकती हैं।

## साटन ब्लाउज सिलवाते समय न करें ये गलतियां, लुक हो जाएगा खराब

साड़ी हो या लहंगा और या तो फिर शरारा आउटफिट। लगभग सभी के साथ आजकल ब्लाउज को स्टाइल किया जा रहा है। इनमें साटन के ब्लाउज को काफी पसंद किया जा रहा है। देखने में साटन का फैब्रिक बेहद क्लासी लुक देने में मदद करता है।

कई बारी हमें फैब्रिक की जानकारी कम होने के कारण ब्लाउज सिलवाते समय हम कई छोटी-बड़ी गलतियां कर देते हैं, जिसका असर हमें बाद में नजर आता है। अक्सर हमारे ब्लाउज की फिटिंग बार-बार करने से भी परफेक्ट लुक नहीं आ पाती है।

दरअसल ब्लाउज को सही फिटिंग देने के लिए आपको सबसे पहले अपनी बॉडी टाइप और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को समझना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप कोशिश करें कि ब्लाउज के अंदर कप्स का इस्तेमाल जरूर ही करें। वहीं अगर आपकी ब्रेस्ट हैवी है तो कप्स के लिए पतले मटेरियल का इस्तेमाल करें। अक्सर हमारा साइज बढ़ता ओए घटता है, लेकिन अगर ब्लाउज के अंदर एक्स्ट्रा फैब्रिक यानी मार्जिन छोड़ा गया होगा तो आप आसानी



से उसके साइज को एडजस्ट कर सकती हैं।

इसके अलावा कई फैब्रिक पहली बारी धोने के बाद हल्के से बदल जाते हैं यानी की श्रिंक हो जाते हैं, जिसके कारण आपको इसे कैरी करने में परेशानी हो सकती है और इसी के कारण कपड़ा फट सकता है। इसके लिए आपको ब्लाउज बनवाते समय अंदर कम से कम 1 से 2 इंच का मार्जिन जरूर छोड़ना चाहिए।

## चेहरे पर डार्क स्पॉट कम करने अपनाएं ये टिप्स, जल्द दिखने लगेगा असर

काफी कोशिश करने के बाद भी अगर आपके चेहरे पर होने वाले दाग धब्बे कम नहीं हो रहे हैं तो इसके लिए आप एक्सपर्ट के बताए गए तरीकों को ट्राई कर सकती हैं।इसके लिए जरूरत है आपको एक्सपर्ट के बताए गए तरीकों को ट्राई करने की। डॉ. आंचल जो की एक डर्मेटोलॉजिस्ट हैं उन्होंने अपनी इस वीडियो में बताया कि आप किस तरीके से डार्क स्पॉट को कम कर सकती हैं।

### स्किन को करें मॉइश्चराइज

अगर आपको डार्क स्पॉट से छुटकारा पाना है तो इसके लिए आप मॉइश्चराइजर लगाएं। अगर आप इसका इस्तेमाल अपनी स्किन पर रोजाना करेंगी तो आपको डार्क स्पॉट की समस्या से छुटकारा मिलेगा। इसके लिए आप चाहे तो घर पर रखी चीजों से भी स्किन को मॉइस्चराइज कर सकती हैं इसके लिए मलाई या फिर एलोवेरा जेल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

स्किन पर होने वाले डार्क स्पॉट को कम करना है तो इसके लिए आप सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। ऐसा इसलिए



क्योंकि जब भी हम (चेहरे के दाग धब्बों के लिए इस्तेमाल करें मुल्तानी मिट्टी) धूप में निकलते हैं तो स्किन के डार्क स्पॉट ज्यादा नजर आते हैं। ऐसे में धूप की वजह से ये परेशानी ज्यादा न हो इसके लिए आपको सनस्क्रीन का इस्तेमाल धूप में निकलने से पहले जरूर करना चाहिए। इससे स्किन पर होने वाले डार्क स्पॉट को हील होने में मदद मिलती है।

### सीरम का करें स्किन पर इस्तेमाल

सीरम का इस्तेमाल अगर आप नहीं करती हैं तो डार्क स्पॉट की समस्या को दूर करने के लिए आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### चेहरे के आकार के मुताबिक होना चाहिए आपका सनग्लास

## अपने फेसकट के मुताबिक चुने सनग्लासेस आंखों के बचाव के साथ खिल उठेगा चेहरा

जब भी हम चश्मा पहनते हैं तो अपने फेस को ध्यान में रखते हुए खरीदते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हमारा लुक परफेक्ट लगता है। कई बार ऐसा होता है कि हम बिना सोचे समझे चश्मा खरीद लेते हैं। इसके बाद जब हम उन्हें वियर करते हैं तो वो फेस के हिसाब से बिल्कुल अच्छा नहीं लगता है। ऐसे में हमारे लुक के साथ-साथ मूड भी बिल्कुल खराब हो जाता है। इसलिए चश्मा चूज करते समय हमेशा अपने चेहरे का ध्यान जरूर रखें। इससे आपका लुक परफेक्ट नजर आता है। अगर आपका फेस लंबा है तो आप यहां बताए गए डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।

### कैट आई सनग्लासेस

मार्केट में आपको अलग-अलग तरह के सनग्लासेस मिलेगें। लेकिन आपको वही खरीदना चाहिए, जो आपके फेस कट पर अच्छा लगे। ऐसे में आप लंबे फेस के लिए कैट आई सनग्लासेस खरीद सकती हैं। ये लंबे फेस वाले लोगों पर काफी अच्छा लगता है। आजकल काफी ट्रेंड में भी है इसमें आपको पतले



फ्रेम वाला चश्मा भी मिल जाएगा। इसी के साथ आप चाहे तो चौड़े फ्रेम वाला सनग्लासेस भी खरीद सकती हैं। आजकल इनमें कलर भी अलग-अलग तरह के मिल जाते हैं जिन्हें आप अपने आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके के सनग्लासेस आपको मार्केट में 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।

### राउंड सनग्लासेस

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें फंकी लुक क्रिएट करना पसंद होता है अगर आप भी इस तरीके के लुक को पसंद करती हैं और आपका फेस कट लंबा है तो इसके लिए आप राउंड सनग्लासेस (सनग्लासेस फॉर फेस) ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के चश्मे भी काफी अच्छे लगते हैं। आप इन्हें ट्रिप पर जाते समय या फिर डे आउटिंग पर वियर कर सकती हैं। इस तरीके के सनग्लासेस सबसे ज्यादा अच्छे वेस्टर्न वियर के साथ अच्छे लगते हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर मिल जाएंगे। जैसे-ब्लैक, ब्लू, येलो वैगरल। आप चाहे तो इसमें पतला और चौड़ा फ्रेम खरीद सकती हैं। इस तरीके चश्में के साथ आप हेयर स्टाइल को कुछ यूनिक रख सकती हैं।

### स्क्वायर शेप सनग्लासेस

अगर आपको सिंपल चीजें पसंद है तो आप स्क्वेयर शेप वाले सनग्लासेस को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के चश्मे (गोल चेहरे के लिए सनग्लासेस) लंबे फेस वाली महिलाओं पर काफी अच्छे लगते हैं। आप चाहे तो इस डिजाइन में आई साइट का चश्मा भी बनवा सकती हैं।

